दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली।। शनिवार 31 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 321 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




### महाराष्ट्र के पालघर में बोले पीएम मोदी
## 'शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर सिर झुकाकर माफी मांगता हूं'



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने का मामला कई दिनों से सुर्खियों में है। इसे लेकर राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक लगातार घिर रही है। शुक्रवार को जब पीएम मोदी महाराष्ट्र के पालघर पहुंचे तो यहां उन्होंने अपने संबोधन के बीच इस वाकये का जिक्र किया और मंच से हाथ जोड़कर सिर झुकाते हुए कहा कि, 'शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर सिर झुकाकर माफी मांगता हूं।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पालघर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने उनका अभिनंदन किया। पीएम मोदी ने यहां 76,000 करोड़ रुपये की वाधवन बंदरगाह की आधारशिला रखी। उन्होंने लगभग 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इससे पहले उन्होंने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को भी संबोधित किया। इसी दौरान अपने संबोधन के बीच उन्होंने बीते दिनों क्षत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने को लेकर अफसोस जताया और कहा कि, 'शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर सिर झुकाकर माफी मांगता हूं।'

## भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर का लिंक रोड की घटना के विरोध में जबरदस्त हमला
# पीड़ित परिवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के तहत मिले मदद, बेटियां ही नहीं बचेंगी तो किस काम की विधायकी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लिंक रोड थानाक्षेत्र में एक संप्रदाय विशेष के युवक द्वारा किशोरी से दुष्कर्म किए जाने के मामले के बाद जनता द्वारा उग्र प्रदर्शन और पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के मामले को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर शुक्रवार को लिंक रोड थानाक्षेत्र में रहने वाली पीड़िता के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना के विरोध में जबरदस्त हमला करते हुए पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की। साथ ही उन्होंने अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल उठाया है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का कहना है कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुमराह करके जनप्रतिनिधियों पर ही प्रश्न चिन्ह लगाए जाने का भी उन्होंने आरोप लगाया है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि यह घटना गाजियाबाद ही नहीं देश के लिए भी शर्मसार करने वाली है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरीके से असम में मुख्यमंत्री द्वारा एक्शन लिया गया था, वैसा ही एक्शन यूपी में भी लिया जाना चाहिए।

### फिर कमिश्नरेट सिस्टम पर उठाए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सवाल




करंट क्राइम : विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि अगर बेटियां ही सुरक्षित नहीं बचेगी तो ऐसी विधायकी किस काम की है। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से कमिश्नरेट सिस्टम होने के बाद आईपीएस अधिकारियों की संख्या बढ़ गई है लेकिन पहले वाले सिस्टम में पुलिसिंग बेहतर थी, लोगों की ढंग से सुनवाई होती थी और न्याय मिलता था।

### बोले विधायक नंदकिशोर जिस यूपी में डेढ़ साल पहले महाराज जी से कांपते थे अपराधी, आज खुलकर कर रहे हैं अपराध



करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर लिंक रोड थानाक्षेत्र में किशोरी से हुए दुष्कर्म के मामले में मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। तो इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने पुलिसिंग और अन्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में डेढ़ साल पहले अपराधी और बदमाश महाराज जी के नाम से कांपते थे, आज उसी उत्तर प्रदेश में इस तरीके की घटनाएं सभी के लिए हैरानी की बात है। उन्होंने अधिकारियों की मंशा पर सवाल उठाते हुए एक खास पार्टी के एजेंट होने के भी गंभीर आरोप लगाया है।

### विधायक लोनी ने कहा आरोपियों को मारी जाए गोली, कायम रहना चाहिए कानून का राज



करंट क्राइम : विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सुनवाई की जानी चाहिए। साथ ही पीड़िता को मुआवजा दिया जाना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा है कि आरोपियों को गोली मारी जानी चाहिए ताकि कानून का राज कायम रहे। उन्होंने इस घटना को बांग्लादेशी और रोहिंग्या से भी जोड़कर देखा है और उन्होंने फिर चिंता जाहिर की है कि लोनी और दिल्ली के तमाम ऐसे इलाके ऐसे हैं, जहां बड़ी संख्या में यह लोग रह रहे हैं।

## हाथरस हादसे में मारी गई महिला के परिजनों से मिले सपा नेता
# सपा की ओर से दिया गया परिजनों को आर्थिक सहायता का चैक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी जनमुद्दों को लेकर जनता के बीच है और अब वो जनता की उस नब्ज पर हाथ रख रही है जिस स्थान को बीजेपी खाली छोड़ रही है। शुक्रवार को हाथरस के फुलरई गांव में हुए हादसे में मारी गई महिला विमलेश के घर पर समाजवादी पार्टी के नेता पहुंचे।

विमलेश विजय नगर के बागू लाल क्व ार्टर इलाके में अपने परिवार के साथ रहती थी। वह भी फुलरई गांव में हुए हादसे में मारी गई थी। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार की दोपहर विमलेश के घर पर पहुंचा और आर्थिक सहायता





धनराशि का चैक सौंपा। इस प्रतिनिधि मंडल में हरेंद्र मालिक सांसद मुजफ्फरनगर, राहुल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, राकेश यादव पूर्व एमएलसी, सुधीर भाटी जिला अध्यक्ष गौतमबुध नगर, अमरपाल शर्मा पूर्व विधायक साहिबाबाद, फकीरचंद नागर प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, फैसल हुसैन जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद, वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद, के साथ नितिन त्यागी जिला महासचिव, राजन कश्यप महानगर महासचिव, राकेश राजपूत राष्ट्रीय सचिव गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित ,महानगर उपाध्यक्ष विक्की ठाकुर महानगर अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा रविंदर यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी यूथ ब्रिगेड अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा दिनेश गुर्जर विधानसभा अध्यक्ष लोनी मोहमद निसार कसार ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग फहीम चौधरी पार्षद प्रतिनिधि रवींद्र यादव नाज़िम चौधरी महानगर अध्यक्ष छात्र सभा जयंत त्यागी जुबैर टाटा आदि उपस्थित रहे।

### साहिबाबाद की घटना पर अमेरिका से बोले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा
## ये योगी जी की जीरो टॉलरेंस सरकार, बेटी को मिलेगा न्याय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद में हुई दुष्कर्म की घटना का खुलासा पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दैनिक करंट क्राइम से साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अमेरिका से फोन पर बात की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि पुलिस ने इस जघन्य कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार है और यह सरकार अपराधों को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करती है। इस मामले में किसी भी अपराधी और अपराधी को संरक्षण देने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। बेटी को न्याय मिलेगा। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार है और यहां किसी भी अपराध करने वाले अपराधी के लिए नरमी की कोई जगह नहीं है। किसी भी




सूरत में अपराधी बक्शे नहीं जायेंगे। शुक्रवार को ही लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर भी पीड़ित परिवार से मिले थे।

विधायक की मुलाकात को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अगर भाजपा की सरकार में किसी के साथ कुछ भी अन्याय होगा तो भाजपा के जनप्रतिनिधि आगे आयेंगे। अगर पीड़ित से भाजपा वाले नहीं मिलेंगे तो और कौन मिलेगा। ये अच्छी बात है कि लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने इस मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि यह योगी सरकार है और किसी भी अपराधी को बक्शा नहीं जायेगा।

## दावेदारी के सस्पेंस से हटा हाथ वालों के यहां सन्नाटा

### आज पर्यवेक्षक प्रभारी को देंगे कांग्रेस दावेदार अपना बायोडाटा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव को लेकर अभी तक ये सस्पेंस चल रहा था कि यहां गठबंधन में समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार लड़ेगा या कांग्रेस का उम्मीदवार आयेगा। जब तक ये तय नहीं हो रहा था तो कांग्रेस के दावेदार भी सामने नहीं आ रहे थे। लेकिन अब दावेदारी के इस सस्पेंस से सन्नाटा हट गया है। कांग्रेस ने शहर उपचुनाव को लेकर अपने पर्यवेक्षक प्रभारी को तैनात किया है। पर्यवेक्षक प्रभारी तनुज पूनिया आज गाजियाबाद आयेंगे। तनुज पूनिया कांग्रेस के सांसद हैं और उन्हें शहर विधानसभा उपचुनाव का पर्यवेक्षक प्रभारी बनाया गया है।

कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज शहर विधानसभा उपचुनाव के पर्यवेक्षक प्रभारी तनुज पुनिया गाजियाबाद आ रहे है। उन्होंने बताया कि वह सुबह लगभग 11 बजे कांग्रेस के महानगर कार्यालय पर पहुंचेंगे। यहां वह सबसे पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद दावेदारी का दौर शुरू होगा। चुनाव पर्यवेक्षक प्रभारी दावेदारों से भी मुलाकात करेंगे। चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार अपना बायोडाटा पर्यवेक्षक प्रभारी को देंगे।

### क्या सपा का भी कोई दावेदार आयेगा चुनाव लड़ने के लिए



करंट क्राइम। कांग्रेस में दावेदारी का सस्पेंस खत्म हो गया है। उनके पर्यवेक्षक प्रभारी तनुज पूनिया आज गाजियाबाद आ रहे हैं और कांग्रेस के दावेदार उन्हें अपना बायोडाटा सौपेंगे। इसी के साथ ये तय हो गया कि कांग्रेस विधानसभा उपचुनाव में अपना उम्मीदवार लेकर आ रही है। अब ये देखना बाकी है कि उपचुनाव में सपा यहां कांग्रेस के लिए मैदान छोड़ती है या वो अपना उम्मीदवार भी मैदान में लेकर आती है। सपा में वैसे भी चुनाव लड़ने के कई दावेदार हैं और सपा का कोई दावेदार क्या चुनाव के लिए सामने आता है ये देखना होगा।

### लिंक रोड थानाक्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म का मामला
# गिरफ्तारी के बाद भी शांत नहीं हुआ इलाके के लोगों का गुस्सा, पीएसी और पुलिस बल तैनात

### एडिशनल सीपी दिनेश कुमार, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल और एसीपी लगातार रख रहे हैं पूरे मामले पर नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लिंक रोड थानाक्षेत्र में ब्रिज विहार में रहने वाली एक किशोरी के साथ कबाड्डी की दुकान में काम करने वाले युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले ने गुरुवार की रात जमकर इलाके में हंगामा हुआ। जिसमें इलाके के लोग और कई हिंदूवादी संगठन ने जमकर हंगामा किया था। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर न सिर्फ



लाठीचार्ज किया बल्कि भीड़ को काफी दूर तक तितर-बितर किया था। शुक्रवार को भी पुलिस ने लिंक रोड थानाक्षेत्र में पुलिस लाइन से पांच क्विक रिस्पांस टीमें रवाना की थीं, जो सुरक्षा के लिहाज से यहां तैनात की गई हैं। इसके साथ ही पीएसी और कई थानाक्षेत्रों की फोर्स लगाई गई है। शुक्रवार को देर शाम फिर स्थानीय लोग जमा हो गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस मामले में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल का कहना है कि पुलिस ने आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। साथ ही परिवार वालों से बातचीत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।







"घटना के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया था। उनके खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। कानून व्यवस्था की स्थिति को कंट्रोल में करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की विवेचना और कार्रवाई की जाएगी।
**दिनेश कुमार पी.** एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

### लिंक रोड थाने में पुलिस ने ढाई सौ अज्ञात लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन द्वारा जानकारी दी गई है कि लिंक रोड थानाक्षेत्र में प्रदर्शन तोड़फोड़ और हंगामा करने के मामले में पुलिस ने ढाई सौ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अभी सभी के नाम पुलिस द्वारा नहीं खोले गए हैं। पुलिस इस मामले में कुछ लोगों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने का काम भी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले को नियोजित ढंग से चलाया जा रहा है। पुलिस इसमें कुछ हिंदूवादी संगठन और भाजपा संगठन से जुड़े लोगों को भी संग्धिता के घेरे में लेकर चल रही है।

### सोशल मीडिया पर भी छाया लिंक रोड दुष्कर्म केस

करंट क्राइम : इस पूरे मामले को लेकर सोशल मीडिया पर रेप का यह मामला अब दो संप्रदाय से जोड़कर प्रदर्शित किया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग संप्रदाय के लोग कूद पड़े हैं। लगातार टिप्पणी और इसे वायरल करने का काम भी किया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और खुफिया विभाग इस पूरे मामले में गोपनीय स्तर पर अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर रही है, जो ऊपर लखनऊ भी भेजी जाएगी।

### कबाड़ी की दुकान को लेकर पुराना रहा है विवाद, हो सकती है कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इलाके के लोग इस कबाड्डी की दुकान को लेकर पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। इस कॉलोनी से हटाने और बंद करने के लिए पत्र लिखे गए थे। उधर पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि इस मामले में अभी फिलहाल कबाड़ी का गोदाम चलने वाले व्यक्ति को लेकर कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। यह बात स्पष्ट है कि जिस व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है, वह आरोपी इस कबाड़ी के गोदाम में काम करता था।

### पुलिसकर्मी आ सकते हैं रडार पर

करंट क्राइम : स्थानीय लोगों द्वारा इस पूरे मामले को लेकर शुरूआत में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया था। तो वहीं अधिकारियों का कहना है की शुरूआत में जिस हिसाब से तहरीर मिली थी, उसी हिसाब से पुलिस ने कार्रवाई की थी। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि दो दिनों से लिंक रोड थानाक्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हुई है। साथ ही है यह मामला अब दो धर्म विशेष का बनता जा रहा है। इसको लेकर कई एजेंसियां और संगठन एक्टिव मोड़ पर आ गए हैं। बताया जा रहा है एक इस मामले में कई पुलिसकर्मी कार्रवाई की रडार पर भी आने वाले दिनों में आ सकते हैं।

# ई-कॉमर्स के माध्यम से एक नए युग का सूत्रपात हुआ, ओडीओपी को मिला लाभ : सीएम योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी में वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स वेबसाइट स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ ही देश व दुनिया के मार्केट उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म को नए युग की शुरूआत करने वाला कदम बताया। शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी में वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन कर ओडीओपी विक्रेताओं के अनुभव साझा करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमने डिजाइन, तकनीक, मार्केट समेत विभिन्न पहलुओं पर कार्य करके हमने पैकेजिंग और एक्सपोर्ट पर फोकस किया लेकिन इसको और गति देने का कार्य तब हुआ जब फ्लिपकार्ट ग्रुप हमारे साथ जुड़ा और ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म के रूप में जब उसने सेवाएं देनी प्रारंभ की तो ओडीओपी योजना न केवल प्रदेश बल्कि देश व दुनिया में प्रसिद्धि पाती दिखाई दी। स्वभाविक रूप से ई-कॉमर्स के माध्यम से एक नए युग का सूत्रपात हुआ है।



### 90 से लेकर 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं उत्तर प्रदेश में संचालित

उत्तर प्रदेश देश के अंदर सबसे अधिक एमएसएमई यूनिट वाला राज्य भी है। 90 से लेकर 96 लाख एमएसएमई यूनिट संचालित हैं। उत्तर प्रदेश इस लिहाज से भी पहला राज्य है जिसने प्रत्येक एमएसएमई यूनिट से जुड़े उद्यमी को लाख रुपए की सुरक्षा बीमा का कवर भी दिया है। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम के माध्यम से हम 10 लाख ऐसे नए उद्यम की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट अब एक विश्वास के रूप में उनके प्रोडक्ट को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करेगा। ये दोनों वेयरहाउस का लोकार्पण इस दिशा में एक प्रमाणित आश्वासन है। यह नए रोजगार के सृजन के साथ उत्तर प्रदेश के उद्यमियों के मन में नया विश्वास उत्पन्न करने सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग तथा खादी व ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी, प्रदेश के मुख्य सचिव तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, इनवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश तथा फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### आज से नहीं, सैंकड़ों वर्षों से है प्रदेश में एमएसएमई का बेस

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक निवेश के अभियान को एक नई गति देते हुए फ्लिपकार्ट कंपनी द्वारा उन्नाव व वाराणसी में अत्याधुनिक वेयरहाउसेस के लोकार्पण पर सीएम योगी ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि प्रदेश में एमएसएमई का एक बेस आज से नहीं बल्कि विगत सैंकड़ों वर्षों से है। लेकिन, समय के अनुरूप तकनीक, डिजाइन, पैकेजिंग समेत विभिन्न पहलुओं पर बदलते वक्त की मांग के अनुसार कार्रवाई न करने और ठोस कार्ययोजना न बनाए जाने के कारण पिछले तीन चार दशकों से दम तोड़ रहा था। इसका कोई प्रोत्साहन नहीं था। 2017 में जब प्रदेश में हमारी सरकार बनी तब प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तो हमने प्रदेश में अपने एमएसएमई सेक्टर की मैपिंग करना शुरू किया। फिर, इसके उत्पादों को हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट करना प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि मैंने उस समय विभाग के अधिकारियों से कहा था कि हमें अपने प्रदेश के परंपरागत उत्पादों को एक प्लेटफॉर्म देना होगा जो आम जनता को अपनी ओर आकर्षित कर सके। इसी बात को ध्यान में रखकर हमने ओडीओपी योजना को आगे बढ़ाया था।

### मातृशक्ति को बढ़ावा देने के साथ ही आय में बढ़ोत्तरी का भी बन रहा माध्यम

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में मातृशक्ति को बढ़ावा देने और आत्म निर्भर बनाने के लिए हमने तीन मेगा ग्रुप्स के साथ करार किए थे और ये प्रयास अब रंग दिखाने लगे हैं। लखनऊ में राधिका ने सेल्फ इंप्लॉयड वुमन एसोसिएशन के माध्यम से चिकन कुर्ता व चिकन साड़ी को कारोबार इसी तरह शिवानी वर्मा ने हैंडमेड ज्वेलरी व होम डेकोर सेक्टर में कार्य करते हुए मार्केट उपलब्ध कराने का कार्य ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने उपलब्ध कराया है। इसमें फ्लिपकार्ट का बड़ा योगदान है और इसके लिए फ्लिपकार्ट बधाई का पात्र है।

# मायावती ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोलीं भारत डोजो यात्रा' मेहनतकश लोगों का उपहास



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस की भारत डोजो यात्रा को लेकर कहा कि कांग्रेस भी भूखे पेट लोगों से भजन करवाना चाहती है। खेलों का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस की 'भारत डोजो यात्रा' को मेहनतकश लोगों का उपहास बताया है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि पेट भरे लोगों के लिए डोजो व अन्य खेलकूद के महत्व से किसी को इंकार नहीं है। लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि से त्रस्त जीवन जीने को मजबूर करोड़ों परिवारों का क्या होगा, जो दिन-रात पेट पालने के लिए कमरतोड़ मेहनत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें देश के करोड़ों गरीबों व मेहनतकश लोगों को सही व सम्मानपूर्वक रोजी-रोटी की व्यवस्था कर पाने में अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिए उनसे भूखे पेट भजन कराते रहना चाहती हैं। विपक्षी दल कांग्रेस का भी वैसा ही जनविरोधी रवैया जनता को कैसे गवारा होगा। कांग्रेस व इनके इंडी गठबंधन ने आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर एससी-एसटी व ओबीसी का वोट लेकर अपनी ताकत तो बढ़ा ली लेकिन अपना वक्त निकल जाने पर उनकी भूख व तड़प को भुलाकर उनके प्रति यह क्रूर रवैया अपनाना क्या उचित है। उन्होंने कहा कि खेल का राजनीतिकरण हानिकारक है और यह अब नहीं होना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### महबूबा मुफ्ती ने जमात पर लगे बैन को हटाने का किया आह्वान



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सरकार से जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध हटाने की अपील की है। चुनावी सरगरमियों के बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में बातचीत के दौरान कहा कि अगर जमात-ए-इस्लामी चुनाव लड़ना चाहती है, तो यह अच्छी बात है। आगे कहा कि लोकतंत्र विचारों की लड़ाई है। सरकार को इस पर लगा प्रतिबंध हटा देना चाहिए। सरकार ने इसके सभी संस्थानों और संपत्तियों को फ्रीज और जब्त कर लिया है। उन्हें वापस करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जमात-ए-इस्लामी के बारे में अब्दुल्ला की टिप्पणियों पर जवाब देते हुए कहा कि यह एक खेदजनक बयान है। नेशनल कॉन्फ्रेंस का कहना है कि सत्ता मिलने पर चुनाव हलाल हो जाते हैं और सत्ता खोने पर हराम हो जाते हैं। बातचीत के दौरान महबूबा मुफ्ती ने आगे कहा कि हमें बताया गया था कि चुनाव हराम हैं, लेकिन अब चुनाव हलाल हो गए हैं। देर आए दुरुस्त आए है।

### ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को फिर से लिखा पत्र, बोली- दोषियों को ऐसी सजा मिले जिससे नजीर पेश हो

**कोलकाता ।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप और हत्या मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर से पत्र लिखा है। उन्होंने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में पत्र के चित्र को शेयर करके दी। इससे पहले वह 22 अगस्त को भी प्रधानमंत्री को एक पत्र लिख चुकी हैं। अपने इस पत्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने 22 अगस्त के पत्र का हवाला देते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से उन्हें उनके पत्र का कोई जवाब नहीं मिला है, जिसमें उन्होंने बलात्कार की घटनाओं पर सख्त केंद्रीय कानून बनाने और अपराधियों को कड़ी सजा देने की आवश्यकता पर चर्चा की थी। हालांकि उन्होंने अपने इस पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि उनके इस पत्र का जवाब राष्ट्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की तरफ से दिया गया है। उन्होंने अपने पत्र में आगे प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के मुद्दों पर किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों (एफटीसी) के संबंध में, राज्य सरकार द्वारा 10 विशेष पॉक्सो न्यायालयों की मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य भर में 88 एफटीसी और 62 पॉक्सो निर्दिष्ट न्यायालय पूरी तरह से राज्य वित्तपोषण पर कार्यरत हैं। मामलों की निगरानी और इससे निपटना पूरी तरह से न्यायालयों के हाथ में है। इसके अलावा उन्होंने पूरे राज्य में राज्य मशीनरी के लोगों के लिए काम करने की बात करते हुए केंद्र से महिलाओं के साथ रेप और हत्या जैसे घृणित अपराधों पर ऐसे कानून बनाने की मांग की, जिससे एक नजीर पेश हो। उन्होंने कहा, ह्लमैं अनुरोध करती हूं कि बलात्कार और हत्या जैसे घृणित अपराधों पर एक सख्त केंद्रीय कानून और दंड पर विचार करें, जिससे समाज में एक नजीर पेश हो। इन मामलों में ट्रायल प्राधिकरण द्वारा मामलों के निपटान के लिए एक विशिष्ट समय सीमा का अनिवार्य प्रावधान किया जाए।



# जेएमएसआईटी गाजियाबाद में सात दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन 2024-25 का भव्य शुभारंभ






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएसआईटी गाजियाबाद में बीबीए, बीसीए, एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 का सात दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन प्रोग्राम 30 अगस्त 6 सितंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा, कोऑर्डिनेटर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ, ने अपने इंटरएक्टिव सत्र में इमोशनल मैनेजमेंट, और सब-कॉन्शियस माइंड प्रोग्रामिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को नई उम्मीदों का प्रतीक बताया। महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुभाष गौतम ने फोकस, वर्तमान में जीने और अपने कार्य में शत-प्रतिशत देने के महत्व पर बल दिया। निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास ने छात्र-छात्राओं के लिए कार्यक्रम की अनिवार्यता को रेखांकित किया। डॉ. सिंहल ने इस मौके पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुभाष गौतम ने कहा कि संस्थान अत्याधुनिक तकनीकी और अन्य सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय प्रतिभाओं में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा ने अपने वक्तव्य में ओरिएंटेशन प्रोग्राम को नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अत्यावश्यक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने वाला बताया। मैनेजमेंट विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर हिमांशु संभलवाल और कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के अध्यक्ष अंकुर चौधरी ने अपने-अपने सत्रों में संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, प्लेसमेंट, खेलकूद, और प्रशासनिक गतिविधियों पर गहन प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अनमोल कालरा ने किया। एडमिशन डिपार्टमेंट के अध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर एस एस पचौरी, मिसेज अंकिता चौधरी, कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा और उनकी टीम ने भी इस कार्यक्रम की सफलता में कड़ी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया।

# बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में हल्लाबोल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में 'जनसंख्या समाधान फाउंडेशन' तथा सामाजिक, व्यापारिक व धार्मिक संगठन मिलकर निकालेंगे 'आक्रोश रैली'। रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी गाजियाबाद को सौंपा जायेगा। रैली का आयोजन रविवार 1 सितंबर को दुर्गा भाभी चौक, नवयुग मार्केट से किया जाएगा।

रैली का समय 3.30 निर्धारित किया गया है। 'आक्रोश रैली' नवयुग मार्केट से प्रारम्भ होकर सिहानीगेट, चौपला मंदिर, डासना गेट, मालीवाड़ा होते हुए पुल के नीचे से होते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंचेगी। रैली का आयोजन इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स

### 'जनसंख्या समाधान फाउंडेशन' तथा सामाजिक, व्यापारिक व धार्मिक संगठन करेंगे 'आक्रोश रैली' का आयोजन

वेलफेयर एसोसिएशन रजि. कर रहा है। इस मौके पर महेश कुमार आहूजा (चेयरमैन), डॉ. एसपी त्यागी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), प्रिन्स कंसल (राष्ट्रीय महामंत्री), सरदार बलदेव सिंह (जिलाध्यक्ष), अनिल अरोड़ा (महानगर अध्यक्ष) उपस्थित रहेंगे।

# सीएम यादव मिले शाह-नड्डा से, भोपाल में नेताओं की धड़कनें तेज, निगम-मंडलों के लिए करें इंतजार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात किए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि निगम मंडलों की ताजपोशी में अभी और समय लग सकता है। सीएम मोहन यादव दिल्ली दौरे के दौरान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात किए। मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उनकी मुलाकात के साथ ही एमपी में हलचल तेज हो गई है। खासकर उन नेताओं में जो निगम और बोर्ड में कुर्सी पाने के इंतजार में बैठे हैं। इन्हें राज्य और कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलता है। हालांकि, अटकलें हैं कि इसके लिए लोगों को अभी इंतजार करना पड़ेगा। सदस्यता अभियान के बाद ही ये सरकारी नियुक्तियां होंगी।

### अच्छा काम करने वालों को इनाम का वादा

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पहले ही कहा है कि जो लोग सदस्यता अभियान में अच्छा काम करेंगे, उन्हें इनाम दिया जाएगा। बीजेपी ने संगठन चुनाव का



कार्यक्रम 10 नवंबर तक के लिए जारी कर दिया है। यानी अब नेताओं को मंत्री पद के लिए नवंबर के बाद ही मौका मिल पाएगा।

### मंत्रियों को मिल गया जिलों का प्रभार

पिछले हफ़्ते ही मंत्रियों को उनके प्रभार वाले जिलों की कमान सौंपी गई है। अब सभी नेता सरकारी उपक्रमों में नियुक्तियों के लिए जोर-शोर से जुट गए हैं। फरवरी में मोहन सरकार ने एक आदेश जारी कर 45 अध्यक्षों और उपाध्यक्षों (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) को हटा दिया था। ये सभी नियुक्तियां पिछली शिवराज सरकार ने की थीं। कुछ लोगों को तो अपने पद पर कुछ महीने ही हुए थे।

# भाजपा में शामिल हुए झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन, दो दिन पहले झामुमो से दिया था इस्तीफा

**रांची।** चंपई सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा देने के बाद आधिकारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहे। हाल ही में उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा में खुद का अपमान होने की बात कह कर पार्टी से अलग राह तलाशने की बात कही थी। इसके बाद दिल्ली में चंपई की भाजपा नेतृत्व से मुलाकात की थी। इसके बाद बीते 28 अगस्त को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दिया था। अपने इस्तीफे को एक्स पर पोस्ट करते हुए चंपई सोरेन ने लिखा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से



त्याग पत्र दिया था। झारखंड के आदिवासियों, मूल वासियों, दलितों, पिछड़ों और आम लोगों के मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### 'झारखंड टाइगर' के नाम से चर्चित

चंपई ने 1974 में जमशेदपुर स्थित राम कृष्ण मिशन हाई स्कूल से 10वीं की पढ़ाई की थी। जब बिहार से अलग झारखंड राज्य की मांग उठ रही तो उस दौरान चंपई का नाम खूब चर्चा में रहा। 'कोल्हान के टाइगर' के नाम से मशहूर चंपई इस आंदोलन के लिए समर्थन जुटाने में अहम भूमिका निभाते थे। उनकी सक्रियता में 1990 के दशक में जमशेदपुर में टाटा स्टील फैक्ट्री के गेट पर एक चर्चित आंदोलन शामिल है। शिबू सोरेन के साथ ही चंपई ने भी झारखंड के आंदोलन में भाग लिया। इसके बाद ही लोग उन्हें 'झारखंड टाइगर' के नाम से भी बुलाने लगे।

### 1991 में चंपई निर्दलीय विधायक बने

चंपई संयुक्त बिहार में 1991 में उपचुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। के.सी. मार्डी के इस्तीफे के बाद चंपई ने बतौर निर्दलीय चुनाव जीता था। फिर 1995 में झामुमो के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे। वहीं 2005 में चंपई झारखंड विधानसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2009 में भी विधायक बने। उन्होंने अर्जुन मुंडा वाली सरकार में सितंबर 2010 से जनवरी 2013 तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी, श्रम और आवास मंत्री की जिम्मेदारी संभाली। वहीं जुलाई 2013 से दिसंबर 2014 तक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन कैबिनेट मंत्री थे।

# सपा-बसपा के धन्यवाद और आभार में नई सियासत की आहट तो नहीं! भाजपा सतर्क, हर बयान पर रख रही नजर

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मायावती के बीच हुआ संवाद भाजपा के लिए परेशानी बन सकता है। भाजपा दोनों दलों के नेताओं के बयान और हर कदम पर पूरी नजर रख रही है। सपा और बसपा के प्रमुखों के बीच आभार व धन्यवाद ने प्रदेश के सियासी गलियारों में नई अटकलों को हवा दे दी है। इसे सपा-बसपा के बीच तल्खी कम होना ही नहीं, बल्कि प्रदेश में बनने वाले नए समीकरणों के तौर पर भी देखा जा रहा है। भाजपा का मानना है कि दोनों दलों के बीच ये नरमी बेवजह नहीं है। दोनों दलों के बीच पनपा ये प्रेम आने वाले समय में भाजपा के लिए परेशानी की वजह बन सकता है। राजनीतिक विश्लेषक भी दो धुर-विरोधी दलों के बीच शुरू हुए संवाद को प्रदेश की सियासत में नए पदचाप के तौर पर देख रहे हैं। माना जा रहा है कि भाजपा के एक विधायक के बयान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया और फिर बसपा अध्यक्ष मायावती का उस पर आभार जताना शिष्टाचार भर नहीं है। सवाल उठ रहा है कि क्या फिर यूपी की राजनीति नया मोड़ लेने वाली है।



बसपा प्रमुख ने सपा या कांग्रेस के साथ गठबंधन से इन्कार तो किया है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि राजनीति में कुछ भी संभव है। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों और यूपी में बने हालात को देखते हुए अखिलेश व मायावती के बीच संवाद को दोनों दलों के बीच तल्खी कम होने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। अटकलें लगने लगी हैं कि यूपी में इंडिया गठबंधन का विस्तार होने जा रहा है।

### भाजपा सतर्क, हर कदम-हर बयान पर है नजर

सपा-बसपा के बीच शुरू हुए संवाद को लेकर भाजपा भी सतर्क है। पार्टी के रणनीतिकार दोनों दलों की हर गतिविधि पर नजर रखे हैं। सूत्रों का कहना है कि सपा-बसपा के साथ आने की संभावना बेशक ना के बराबर है, लेकिन भाजपा में उनके हर कदम और बयान पर नजर रख रही है।

### कैसे शुरू हुआ सपा-बसपा में संवाद

मथुरा की मांट सीट से भाजपा के विधायक और पार्टी प्रवक्ता राजेश चौधरी ने मायावती के खिलाफ बयान दिया। इस पर अखिलेश यादव ने आपत्ति जताई। फिर मायावती ने उनको धन्यवाद किया। इसके बाद अखिलेश ने आभार जताया। यही नहीं, मायावती ने अखिलेश के बयान को अपने ईमानदार होने का प्रमाण बताते हुए भाजपा विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### फिर भी सपा-कांग्रेस पर किया हमला

मायावती ने इस सब के बीच यह भी कहा कि सपा-कांग्रेस सिर्फ अपने फायदे के लिए एससी-एसटी आरक्षण का समर्थन कर रही हैं। ये किसी की हितैषी नहीं है। इसके बाद भी माना जा रहा है कि दोनों पार्टी के मुखिया के बीच हुए संवाद के आधार पर दोनों दलों में बात शुरू हो सकती है। वैसे भी स्टेट गेस्ट हाउस कांड के बाद किसने सोचा था कि बसपा कभी सपा के साथ गठबंधन करेगी। लेकिन, 2019 में दोनों मिलकर लोकसभा चुनाव लड़े।

# योगी के 'लाल टोपी काले कारनामे' वाले बयान पर सपा मुखिया अखिलेश का पलटवार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के लाल टोपी काले कारनामे के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं। लाल रंग मिलन का प्रतीक भी बताया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी के सपा की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं बयान पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया पर काले और लाल रंग की विधिवत व्याख्या की है। उन्होंने लिखा कि जनता की संसद का प्रश्नकाल प्रश्न लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं? दो-दो बिंदुओं में अंकित करें। उत्तर -रंगों का मन-मानस और मनोविज्ञान से गहरा नाता होता है। यदि कोई रंग किसी को विशेष रूप से प्रिय लगता है तो इसके विशेष मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं और यदि किसी रंग को देखकर कोई भड़कता है तो उसके भी कुछ नकारात्मक मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं। प्रश्नगत लाल और काले रंग के संदर्भ में क्रमवार, इसके कारण निम्नवत हो सकते हैं : ह्यलाल रंग मिलन का प्रतीक होता है। जिनके जीवन में प्रेम-मिलन, मेल-मिलाप का अभाव होता है वो अक्सर इस रंग के प्रति दुर्भावना रखते हैं। उन्होंने लिखा कि लाल रंग शक्ति का धारणीय रंग है, इसीलिए कई पूजनीय शक्तियों से इस रंग का सकारात्मक संबंध है लेकिन जिन्हें अपनी शक्ति ही सबसे बड़ी लगती है वो लाल रंग को चुनौती मानते हैं। इसी संदर्भ में ये मनोवैज्ञानिक-मिथक भी प्रचलित हो चला कि इसी कारण शक्तिशाली सांड भी लाल रंग देखकर भड़कता है। सपा प्रमुख ने कहा कि काला रंग भारतीय संदर्भों में विशेष रूप से सकारात्मक है जैसे बुरी नजर से बचाने के लिए घर-परिवार के बच्चों को लगाया जानेवाला काला टीका और सुहाग के प्रतीक मंगलसूत्र में काले मोतियों का प्रयोग।

# कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली में साल 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान पुलबंगश गुरुद्वारा में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। हिंसा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को सिखों की हत्या के आरोप में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ आईपीसी 302( हत्या) 147( दंगे), 109(अपराध के लिए उकसाने) और अन्य धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया। जानकारी के लिए बता दें कि अब 13 सितम्बर को अगली सुनवाई होगी।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित शर्मा को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थिनी

सरोज शर्मा पत्नी श्री चमन शर्मा निवासी- मकान नंबर 379,कैलाश नगर,थाना- विजयनगर,जिला-गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली।। शनिवार 31 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भाजपा की राजनीति में इन चेहरों का कब आयेगा नंबर

## पूर्व विधायक सुरेश कश्यप-सुदेश शर्मा-श्यामवीर चौधरी-सुधन रावत सहित कई चेहरे इंतजार में



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में हर नेता का एक लक्ष्य होता है। राजनीति में काम भी होता है और काम के बदले हर नेता ईनाम भी चाहता है और अपना नाम भी चाहता है। राजनीति नाम का ही खेल है और आज बात उन चेहरों की हो रही है जो दूसरे दलों में शाईन कर रहे थे लेकिन भाजपा में आने के बाद वो कहां खो गये हैं पता ही नहीं है। ये चेहरे एक तरह से सियासत के हाशिये पर हैं और इन चेहरों का नंबर कब आयेगा, किसी को नहीं पता। यूपी में सरकार दूसरी बार रिपीट हुई है और अब ये चेहरे भी चाहते हैं कि उन्हें भी मौका मिले। वो भी राजनीति की पिच पर खेलें। ये चेहरे भाजपा में आने के बाद से गुमनाम चल रहे हैं। हालांकि की राजनीति में आना और जाना एक हिस्सा होता है। लेकिन जिन चेहरों की बात आज हो रही है इन चेहरों को इंतजार करते हुए एक लंबा समय बीत गया है। दल भी बदल लिया लेकिन उसके बाद भी इनके राजनीतिक सितारे नहीं बदले है। परिवर्तन सबको रास नहीं आता है। हालांकि ये चेहरे सबकुछ देखभाल कर आये थे। राजनीति में इन चेहरों को इनका मुकाम कब मिलेगा, कुछ पता नहीं है।

### पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप पर कब होगी सरकार कृपा



**करंट क्राइम।** सुरेश कश्यप पिछड़ा वर्ग की राजनीति के बड़े चेहरे हैं। कश्यप समाज को लेकर एक्टिव रहते हैं और बीते दिनों उन्होंने कश्यप समाज की एकजुटता के लिए कई गांवों का भी दौरा किया था। बसपा में वो एमएलसी थे और भाजपा ज्वाईन करने के बाद ये माना जा रहा था कि उनके कद के हिसाब से उन्हें भाजपा एमएलसी पद पर ही रिपीट करेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भाजपा का ये चेहरा फिलहाल बिरादरी की राजनीति से लेकर समाजिक सरोकारों पर सिमट गया है। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप पर सरकारी कृपा कब होगी, ये अब उनके समर्थक भी पूछ रहे हैं।

### मेयर चुनाव लड़ने वाले श्यामवीर चौधरी की कब होगी केयर



**करंट क्राइम।** श्यामवीर चौधरी राजनीति के क्षेत्र में संघर्ष का नाम हैं। वो सियासत की परिभाषा जानते हैं वो राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण काम कर चुके हैं। वो चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन एक लंबे समय से भाजपा में आने के बाद वो अपनी बारी की प्रतिक्षा कर रहे हैं। भाजपा में आने के बाद वो सरकारी कृपा का भी वेट कर रहे हैं और अब उनके समर्थक ही पूछने लगे हैं कि मेयर चुनाव लड़ने वाले श्यामवीर चौधरी की कब पार्टी केयर करेगी। कब उन्हें पार्टी मौका देगी।

### भाजपा में हुई आमद और फिर वेटिंग लिस्ट में चल रहे हैं सुधन रावत



**करंट क्राइम।** सुधन रावत गाजियाबाद की राजनीति का जाना पहचाना नाम हैं। वो एमएलसी से लेकर विधानसभा और मेयर का चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा में वो आये और फिर कहां हैं ये भाजपा वाले ही नहीं बता पाते हैं। भाजपा में आमद दर्ज कराने के बाद सुधन रावत वेटिंग लिस्ट में चल रहे हैं। सियासत में एक कद रखने वाले इन नेता को भाजपा कब मौका देगी। इसी का इंतजार है।

**राजनीति नाम का ही खेल है और आज बात उन चेहरों की हो रही है जो दूसरे दलों में शाईन कर रहे थे लेकिन भाजपा में आने के बाद वो कहां खो गये हैं पता ही नहीं है।**

### पूर्व विधायक सुदेश शर्मा को कब मिलेगी खेलने के लिए चुनावी पारी



**करंट क्राइम।** सुदेश शर्मा रालोद से मोदीनगर विधायक रहे हैं। अब चूंकि भाजपा और रालोद सहयोगी संगठन हैं तो पंडित सुदेश शर्मा भाजपा में आ चुके हैं। भाजपा ने मोदीनगर से टिकट रिपीट किया और उसके बाद अन्य किसी एमएलसी चुनाव में कोई मौका नहीं मिला। यहां नरेन्द्र कश्यप को एमएलसी बनाया गया और मंत्री भी बनाया गया। अब पूर्व विधायक सुदेश शर्मा के लिए भाजपा क्या सोच रही है ये उसके कर्णधार जानते हैं। उन्हें चुनावी पारी खेलने का मौका कब मिलेगा ये देखने की बात है।

### एनएसयूआई से लेकर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे वीरेन्द्र मुन्ना



**करंट क्राइम।** वीरेन्द्र मुन्ना ब्राह्मण समाज से आते हैं। राजनीति की पाठशाला उन्होंने एनएसयूआई से शुरू की थी। राजनीति का एक लंबा अनुभव है। वो भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे हैं। जनरली वो लोकसभा सांसद रहे जनरल वीके सिंह के करीबी रहे हैं। लेकिन इस चेहरे को भाजपा ने वो मौका नहीं दिया। एक बार उन्हें भाजपा में जिला उपाध्यक्ष बनाया गया और उसके बाद फिर जिला या महानगर की टीम में उनका नंबर नहीं आया। ब्राह्मण समाज का ये युवा चेहरा अपने समाज में एक पकड़ रखता है और राजनीति में एक कद है लेकिन उसक बावजूद इस चेहरे का आज भी सरकारी कृपा का इंतजार है।

### किसान राजनीति से आगे कब आयेगा हातम सिंह नागर का नाम



**करंट क्राइम।** हातम सिंह नागर भी एनएसयूआई की पाठशाला से निकले हैं। वो कांग्रेस से भाजपा में आये हैं। गाजियाबाद में जनरल वीके सिंह के आने के बाद हातम सिंह नागर भाजपा में एक्टिव हुए। उन्हें पार्टी ने किसान मोर्चा में जिम्मेदारी दी। सुदूर क्षेत्रों में दायित्व मिलने के बाद भी हातम सिंह नागर ने वहां भी काम किया। लेकिन सवाल यही है कि राजनीति का एक लंबा अनुभव रखने वाले हातम सिंह नागर का नंबर किसान राजनीति से आगे कब आयेगा।

### भैया जी के स्वागत में दिखाई दी गजब की अदावत

# 100 मीटर की दूरी में भाजपाइयों ने किये दो अलग-अलग स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नीरज सिंह गाजियाबाद आते हैं तो उनके समर्थक उनके स्वागत में पलख पावड़े बिछाते हैं। नीरज सिंह का युवा भाजपाईयों में एक अलग क्रेज है। इसके साथ एक फैक्ट ये है कि गाजियाबाद में भाजपाई किसी मुद्दे पर कभी एकता का संदेश नहीं देते। वो नेशनल फ्लैग भी लेकर चलेंगे तो वहां भी अलग अलग वाला स्वैग आयेगा। शुक्रवार को यूपी गेट पर भी जब नीरज सिंह पहुंचे तो खेमों में बटी भाजपा के नेता यहां भी खेमों में बंट गये। नीरज सिंह के स्वागत में गजब की अदावत दिखाई दी और 100 मीटर की दूरी में दो अलग-अलग स्वागत हुए। शुक्रवार को नीरज सिंह गाजियाबाद आये और उनके वैलकम में यूपी गेट पर बहुत दिनों बाद स्वागत का सूखा खत्म हुआ। वरना चुनाव नतीजे आने के बाद से किसी को स्वागत का मौका ही नहीं मिल रहा था। शुक्रवार को जब नीरज सिंह आये तो जो स्वागत एक जगह हो सकता था वो स्वागत 100 मीटर की दूरी में दो जगह हुआ। भाजपाई एक साथ खड़े हो सकते थे लेकिन वो अलग अलग खड़े हुए और संदेश दिया।



### नीरज सिंह ने पहने वैलकम के हार और 100 मीटर के लिए चली कार

**करंट क्राइम।** नीरज सिंह को गाजियाबाद की राजनीति में ऐसे ही भाजपाईयों में भैया का दर्जा प्राप्त नहीं है। नीरज सिंह ऐसे नेता हैं जिनका फोन नंबर भाजपाईयों के मोबाईल फोन में नीरज भैया के नाम से फीड है। वो आते हैं तो स्वागत के मेले लगते हैं और उनके नेतृत्व की लीड दिखाई देती है। वो भी उन नेताओं में हैं जो दिल नहीं तोड़ते हैं। शुक्रवार को जब उन्होंने देख लिया कि समर्थक उनके हैं और कार्यकर्ता भाजपा के हैं। अलग अलग स्वागत के टेंट लगाये हैं तो नीरज सिंह ने भी दोनों ही खेमों का दिल रखा। उन्होंने दोनों से ही स्वागत वाले हार पहने और कमाल तो ये हो गया कि जिस 100 मीटर की दूरी को नीरज सिंह पैदल तय कर सकते थे उन्होंने उस दूरी को वैलकम के लिए मेंटेन किया और एक छोर पर स्वागत कराने के बाद वो कार में बैठे और फिर कार से चलकर 100 मीटर की दूरी पर गये। फिर कार से उतरे और फिर स्वागत वाला हार पहना। देखने वाले भी नीरज सिंह के कायल हो गये कि ऐसा नेतृत्व और ऐसा प्रेम पहली बार देखा है जब वो दोनों ही पक्षों के साथ पूरे प्रेम के साथ फोटो फ्रेम में आये। सही में ये गुण उनमें है कि सबको साथ लेकर चलना है और सबको एक परिवार की तरह लेकर चलना है।

### नदिया पार में भी दिखाई दिया इस पार और उस पार वाला सीन

**करंट क्राइम।** अभी तक तो राजनीति में हिंडन पार का सीन था और नदिया पार वाले नेता उधर आते थे तो उन्हें नदिया पार वाले नेता कहा जाता था लेकिन आर-पार की जंग पर अमादा भाजपाईयों ने शुक्रवार को ऐसा किया कि नदिया पार में भी दो पार हो गये और इस पार और उस पार वाला सीन हो गया। भैया जी के स्वागत में एक पार भाजपा के महानगर संजीव शर्मा खड़े थे उनके साथ महामंत्री पप्पू पहलवान खड़े थे। यूथ मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा खड़े थे। पार्षद उमेश नागर थे और युवा वाली टीम थी। वहीं 100 मीटर की दूरी पर पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष और तिरंगा टीम के प्रधान सरदार सिंह भाटी थे। रवि भाटी, कालीचरण पहलवान थे, मुन्ना सिंह थे और नदिया पार में भी इस पार और उस पार वाला सीन हो रहा था।

# सपा के सदस्यता अभियान में सिकन्दर यादव की दस्तक

## सक्रिय राजनीति में फिर से लौटे हैं सियासत के ये सिकन्दर



**समाजवादी पार्टी के नेता सदस्यता अभियान के जरिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ रहे हैं। वो कैम्प लगा रहे हैं और सदस्यता की पर्ची काट रहे हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा में उपचुनाव नजदीक आ रहा है। चुनावी सरगर्मीयां बढ़ने लगी हैं और ये लगभग तय है कि दिसम्बर महीने में शहर विधानसभा का उपचुनाव हो जायेगा। समाजवादी पार्टी एक्टिव मोड में है उसके नेता जनमुद्दों को लेकर अधिकारियों के दफ्तरों में जा रहे हैं। वो जनता को ये यकीन दिला रहे हैं कि तुम्हारे हकों की लड़ाई समाजवादी ही लड़ रही है। वो इन दिनों कैम्प लगा रहे हैं और सदस्यता की पर्ची काट रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के नेता इसे पीडीए जागरूकता अभियान के साथ साथ सदस्यता अभियान से जोड़कर चल रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता सदस्यता अभियान के जरिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ रहे हैं। वो कैम्प लगा रहे हैं और सदस्यता की पर्ची काट रहे है। समाजवादी पार्टी में गए सिकन्दर यादव अब राजनीति की पिच पर फिर से लौटें हैं। वो एक्टिव मोड में आ गये हैं। गौरतलब है कि सिकन्दर यादव सपा में शामिल हुए और सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने उनकी पत्नी पूनम यादव पर भरोसा जताते हुए मेयर का टिकट दिया। मेयर चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही सिकन्दर यादव सियासी ट्रैक पर कुछ सुस्त चल रहे थे। लेकिन अब बताया जाता है कि वो सदस्यता अभियान में रूचि ले रहे हैं और वो अब उतने ही एक्टिव मोड पर आये हैं और 30 अगस्त को उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र नौजवान पीडीए जागरूकता सदस्यता अभियान में भाग लिया।

यह अभियान शहर विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्र रेलवे रोड बजरिया में लगाया गया था। यहां पर सिकन्दर यादव ने भी अपनी आमद दर्ज करायी। चर्चा यही है कि सदस्यता अभियान के जरिए सिकन्दर यादव अब समाजवादी पार्टी में अपनी दावेदार को तराश रहे हैं। सिकन्दर यादव की दस्तक के बाद यहां चुनावी दावेदारों की हार्ट-बीट भी बढ़ गई है।

### विजय मोहन को ढांढ़स बंधा गये नीरज सिंह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूथ आईकॉन नीरज सिंह शुक्रवार को गाजियाबाद आये। वो कविनगर में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन के निवास पर पहुंचे। गौरतलब है कि विजय मोहन के युवा पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया था। नीरज सिंह ने विजय मोहन के घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया और विजय मोहन को ढाढस बंधाया। नीरज सिंह ने कहा कि यह गहन दुख की घड़ी है और शोक की इस घड़ी में हम पूरा परिवार विजय मोहन और उनके परिवार के दुख में शामिल हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति दे।

# पूर्व और वर्तमान बार अध्यक्षों के बीच खुलकर शुरू हुई लैटर वार

## जिलाधिकारी और कवि नगर थाने तक दी गई शिकायतें

## दो दिन से जारी है हंगामा और बैठकें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद में इस बार कोई ना कोई नया विवाद चल रहा है और विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के बीच शुरू हो गया है। गुरुवार को पूर्व बार अध्यक्ष अपने कुछ साथियों के साथ आम सभा में पहुंचे थे। आरोप है जहां पर हंगामा, मारपीट तोड़फोड़ सहित कई गंभीर हरकतें हुई। इस मामले में वर्तमान बार अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिक सदस्यता समाप्त करने और जिलाधिकारी से कई अधिवक्ताओं के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। तो वहीं फर्जी लैटर तैयार करते हुए उनके पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कवि नगर थाने में भी पुलिस को शिकायत दी गई है। उधर पूर्व अध्यक्ष ने निवर्तमान अध्यक्ष के पद को लेकर सवाल उठाए हैं और उनके ऊपर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उसके खिलाफ उन्होंने अधिवक्ताओं को एकजुट कर लिया है। हालांकि उधर अधिवक्ताओं की ओर से जानकारी मिली है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी बात रख रहे हैं लेकिन अभी कुछ स्थिति साफ नहीं हो पाई है।

### लगातार जारी हो रहे हैं लैटर पर लैटर

**करंट क्राइम :** उधर पूर्व अध्यक्ष ने की वर्तमान अध्यक्ष के पद को अवैध करार दिया है और पूर्व अध्यक्ष ने वर्तमान वाले अध्यक्ष को कारण बताओं नोटिस भेजा है। साथ ही आगामी चुनाव की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष कराए जाने की अपील की है। उधर जानकारी है कि कोविड काल के दौरान गाजियाबाद बार एसोसिएशन को अधिवक्ताओं के वेलफेयर को जो मद दिया गया था उसको भी गलत तरह से इस्तेमाल करने के आरोप लगाने का मामला सामने आया है। उस मामले में भी पुलिस को शिकायत दी गई थी। फिलहाल वर्तमान और पूर्व बार अध्यक्ष के बीच चल रहे वाद-विवाद और लैटर वार के बीच दो दिन से बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सभागार में बैठकर और हंगामे का दौर चल रहा है। भारी संख्या में पुलिस तैनात रहत है। वही अधिवक्ताओं के बीच चर्चा है कि जिस प्रकार से पूर्व और वर्तमान बार अध्यक्ष के बीच विवाद वाली स्थिति पैदा हो गई है, इससे बाहर एसोसिएशन गाजियाबाद की छवि पर सवाल उठ रहे हैं। उधर अधिवक्ताओं से जुड़ा मामला होने की वजह से पुलिस के अधिकारी भी सीधे तौर पर इस प्रकरण पर कार्रवाई करने से हाथ पीछे खींच रहे हैं।

# साढ़े 12 लाख की लूट में तीन पुलिसकर्मियों सहित छह आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी पुलिस के तीन कर्मिचारियों पर लूट का केस दर्ज हुआ है। जिसमें गाजियाबाद पुलिस ने तीन कांस्टेबल और खुद को सपा नेता बताने वाले एक व्यक्ति समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। यह एक गैंग बनाकर ठगी किया करते थे, तीन दिन पहले ही उन्होंने गाजियाबाद में एक व्यक्ति से साढ़े 12 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने बताया कि थाना वेव सिटी पुलिस टीम ने पैसे दोगुने करने के नाम पर ठगी करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से ठगी के 4,36,000 रुपये बरामद किए हैं।

### विदेशी करंसी का लालच देकर की थी वारदात

इस पूरी घटना का खुलासा मोहम्मद शादाब के साथ 28 अगस्त को हुई लूट के बाद जांच के दौरान हुआ है। मोहम्मद शादाब ने 28 अगस्त को पुलिस को अपने साथ हुई लूट की जानकारी दी थी। पुलिस को मामला संदिग्ध लगा तो उसने पीड़ित से कड़ाई से पूछताछ की। पीड़ित ने बताया कि वह भारतीय मुद्रा को दुबई की मुद्रा में बदलने आया था, वह और उसका भाई मौहतरम और बहनोई मोहतरम 28 अगस्त को आईएमएस कॉलेज डासना के पास करेंसी चेन्ज करने आये थे, उसके 8.5 लाख रुपये उसके भाई मेहराज के चार लाख रुपये एक बन्द पैकेट में उसके बहनोई मौहतरम के पास थे।

### आरोपियों में तीन पुलिस वाले

**करंट क्राइम :** डीसीपी ग्रामीण जोन ने बताया है कि गिरफ्तार तीन पुलिस कर्मियों में मुख्य आरक्षी अनिल कुमार (नियुक्ति जनपद हापुड़), मुख्य आरक्षी सचिन कुमार (नियुक्ति कमिश्नरेट आगरा) और मुख्य आरक्षी संजय कुमार (नियुक्ति थाना अंकुर विहार, गाजियाबाद) शामिल हैं। नदीम पर जनपद मेरठ में हत्या के प्रयास का एक मुकदमा, आयुध अधिनियम के दो मुकदमें और जनपद गाजियाबाद में जान से मारने की धमकी का एक मुकदमा पहले से दर्ज है। पुलिस ने मौहतरम से जब कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि उसने अपने साले मेहराज और मोहम्मद शादाब के पैसे हड़पने के लिए अपने पिता मोहम्मद आरिफ एवं नदीम, राशिद और आशू तथा तीन पुलिस कर्मियों को शामिल कर योजना को अंजाम दिया था।

## संपादकीय

# छात्र आत्महत्या : एक सामाजिक चिंता

प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने का केंद्र माने जाने वाले कुछ शहरों से अक्सर विद्यार्थियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यह समस्या अब एक व्यापक चिंता का रूप ले चुकी है। इसके अलावा, दसवीं या बारहवीं की परीक्षा में भी फेल होने या नंबर कम आने के तनाव में कई विद्यार्थियों के खुदकुशी कर लेने की खबरें हर वर्ष आ जाती हैं। चिंता की बात यह है कि अब ये कुछ घटनाएं मात्र न रह कर एक व्यापक समस्या की शक्ल लेती जा रही हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि छात्र-छात्राओं की आत्महत्या की दर कुल आत्महत्या की दर से तो ज्यादा है ही, लेकिन अब यह जनसंख्या में इजाफे की दर को भी पार गई है।

गौरतलब है कि आइसी-3 सम्मेलन में बुधवार को राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर छात्र आत्महत्या : भारत में फैलती महामारी शीर्षक से जारी रपट में यह बताया गया है कि आत्महत्या की कुल घटनाओं में प्रति वर्ष जहां दो फीसद की बढ़ोतरी हुई है, वहीं विद्यार्थियों के बीच जान दे देने की मामलों में चार फीसद यानी राष्ट्रीय औसत से दोगुनी की वृद्धि हुई है। यह स्थिति तब है, जब इस बात की संभावना है कि विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामलों में कम रिपोर्टिंग हुई हो। अगर विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति खुदकुशी की कुल घटनाओं के मुकाबले और यहां तक कि आबादी में बढ़ोतरी की रफ्तार से भी तेज है तो यह सोचने की जरूरत है कि देश में शिक्षा का यह कैसा स्वरूप बन गया है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई करने की उम्र में बच्चे जीवन से हार मान रहे हैं। स्कूल या उच्च शिक्षा का वह कैसा पाठ्यक्रम है जो बच्चों के भीतर हौसले और जीवट को मजबूत करने के बजाय उन्हें भावनात्मक स्तर पर बेहद कमजोर बना देता है। वहीं समाज और अभिभावकों की महत्त्वाकांक्षाओं और अपेक्षाओं का वह कैसा बोझ है, जिसके नीचे दब कर बच्चे दम तोड़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह शिक्षा के समूचे ढांचे और सामाजिक सोच की एक ऐसी त्रासदी है, जिस पर बिना देरी किए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यह स्थिति एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत दूरदर्शिता पर एक सवाल है, वहीं यह सामाजिक स्तर पर शिक्षा में कामयाबी को लेकर भ्रमित धारणा का भी संकेत है।

# 'हमारी फिनटेक विविधता को देखकर दुनिया हैरान' : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर के ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को संबोधित किया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया फिनटेक के मामले में भारत की विविधता को देखकर हैरान रह जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर के ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को संबोधित किया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया फिनटेक के मामले में भारत की विविधता को देखकर हैरान रह जाती है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एक समय था जब लोग हमारी सांस्कृतिक विविधता को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते थे। अब लोग भारत आते हैं और हमारी फिनटेक विविधता को देखकर भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं! एयरपोर्ट पर उतरने से लेकर स्ट्रीट फूड और शॉपिंग तक, भारत की फिनटेक क्रांति हर जगह दिखाई देती है।



### देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ता बढ़कर 94 करोड़ हुए

मुंबई में कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पहले संसद में लोग पूछते थे कि देश में पर्याप्त बैंक शाखाएं नहीं हैं, गांवों में बैंक उपलब्ध नहीं हैं, इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं...फिनटेक क्रांति कैसे आएगी? वे मुझ जैसे चायवाले से ऐसा पूछते थे...अब एक दशक के भीतर ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता 60 मिलियन (6 करोड़) से बढ़कर 940 (94 करोड़) मिलियन हो गए हैं।

### देश में बैंकिंग सेवा चौबीसों घंटे और सातों दिन जारी

मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की फिनटेक क्रांति वित्तीय समावेशन में सुधार के साथ-साथ नवाचार को भी बढ़ावा दे रही है। फिनटेक फेस्ट के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई पूरी दुनिया में फिनटेक का बहुत बड़ा उदाहरण बन गया है। आज गांव हो या शहर, सर्दी हो या गर्मी, बारिश हो गया बर्फ गिर रही हो, भारत में बैंकिंग सर्विस चौबीसों घंटे, सातों दिन और 12 महीने चलती रहती है।पीएम मोदी ने कहा कि अभी दो-तीन दिन पहले ही जनधन योजना के 10 साल पूरे हो गए हैं। ये जनधन खाते महिला सशक्तिकरण का बहुत बड़ा माध्यम गया है। इसके तहत 29 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खोले गए हैं।

### जनधन खातों ने बचत और निवेश के नए अवसर बनाए

पीएम ने कहा, जनधन खातों ने महिलाओं के लिए सेविंग्स और निवेश के लिए नए अवसर बनाए हैं। इन खातों को आधार बनाकर हमने माइक्रो फाइनेंस की सबसे बड़ी स्कीम मुद्रा योजना लॉन्च की। इस स्कीम के 70% लाभुक महिलाएं हैं। जनधन खातों ने महिलाओं के स्वयं सेवी समूहों को भी बैंकिंग से जोड़ा है। इसका फायदा आज देश की 10 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा है, यानी जन धन योजना ने महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की एक मजबूत नींव रखी है। फिनटेक ने पैरलल इकोनॉमी पर भी चोट की है।

### हम डिजिटल तकनीक के जरिए पारदर्शिता लाए: पीएम मोदी

पीएम ने कहाकि हम भारत में डिजिटल तकनीक के जरिए पारदर्शिता लेकर आए हैं। आज सरकार की सैकड़ों योजनाओं के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किया जाता है। इसमें सिस्टम से लीकेज बंद हुई है। आज लोगों को फॉर्मल सिस्टम से जुड़ने में अपना लाभ नजर आता है। भारत में फिनटेक की वजह से जो बदलाव आया है वह सिर्फ तकनीक तक ही सीमित नहीं है। इसका सामाजिक प्रभाव बहुत व्यापक है। इससे गांव और शहर की खाई को दूर करने में मदद मिली है। पीएम ने कहा कि फिनटेक ने वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाई है।

## विस्तारा के विमान और चालक दल 12 नवंबर को एयर इंडिया से जुड़ जाएंगे



**नई दिल्ली।** विलय प्रक्रिया के दौरान यात्रियों को अधिक जानकारी देने में मदद करने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का एक सेट तैयार किया गया है। 3 सितंबर से, विस्तारा की वेबसाइट पर 12 नवंबर या उसके बाद की उड़ानों को बुक करने के इच्छुक यात्रियों को बुकिंग पूरी करने के लिए एयर इंडिया की साइट पर रीडायरेक्ट किया जाएगा। नियामकीय मंजूरी मिलने के साथ ही एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को बताया कि विस्तारा के विमान और चालक दल के एयर इंडिया में जोड़ने की तारीख 12 नवंबर तय की गई है। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम विस्तारा का एयर इंडिया में विलय हो रहा है। विलय के बाद सिंगापुर के वाहक की टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। सरकार ने विलय के हिस्से के रूप में सिंगापुर एयरलाइंस द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को कर्मचारियों को दिए गए संदेश में विल्सन ने कहा कि वे अब लंबी और जटिल विलय प्रक्रिया के अंतिम चरण में प्रवेश कर रहे हैं।

## भारत के ई-कॉमर्स बाजार का आकार 2028 तक बढ़कर 292 अरब डॉलर हो सकता है : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** देश में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन और इंटरनेट की पहुंच बढ़ने के कारण ई-कॉमर्स बाजार 18.7 प्रतिशत की औसत दर से बढ़कर साल 2028 तक 292.3 अरब डॉलर पहुंच सकता है। जो इस साल के 147.3 अरब डॉलर की तुलना में दोगुना है। डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडाटा की नई रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में ई-कॉमर्स भुगतान का भविष्य काफी अच्छा है। इसकी वजह देश में ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में इजाफा होना है। साथ ही सरकार की पहल जैसे 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' से भी इस विकास को मदद मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में ई-कॉमर्स तेज गति से बढ़ रहा है। इस साल इसके 23.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। ग्लोबलडाटा के रवि शर्मा ने कहा कि देश में ई-कॉमर्स मार्केट में अपट्रेंड आने वाले कुछ वर्षों तक जारी रहने की उम्मीद है। इसकी वजह ऑनलाइन मार्केट की तरफ लोगों का अधिक रुझान, भुगतान इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार और वैकल्पिक भुगतान समाधानों की लोकप्रियता बढ़ना है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 तक भारत में 95.4 करोड़ इंटरनेट सब्सक्राइबर्स थे। मार्च 2023 में इनकी संख्या 88.1 करोड़ थी। शर्मा ने आगे कहा कि पिछले पांच वर्ष में देश में वैकल्पिक भुगतान तेजी से लोकप्रिय हुए हैं। अमेजन पे और गूगल पे आदि लोकप्रिय पेमेंट ब्रांड हैं। साल 2023 में वैकल्पिक भुगतान का ई-कॉमर्स में मार्केट शेयर 58 प्रतिशत था। इसके बाद पेमेंट कार्ड्स 25.7 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर थे। वहीं, ऑनलाइन शॉपिंग में नकद की हिस्सेदारी कम होकर 6.2 प्रतिशत रह गई है।




### टिकट नही होगा जीत की चाबी,सीन विकट करेगी एक लॉबी

कहने को फूल का गढ़ हैं लेकिन कहने वाले ये भी कह रहे हैं कि भले ही शहर हो लेकिन अब कोई लहर नही हैं। कमाल ये है कि अपनी मजबूती से ज्यादा सामने वाले के वीक प्वांईट तलाशे जा रहे हैं। फूल वाला टिकट इस बार सीन को विकट बना सकता हैं क्योंकि जिस टिकट को जीत की चाबी माना जा रहा है उस टिकट को विकट ही एक लॉबी करेगी। एक लॉबी तो इसी बात से नाराज हैं कि जिनके वोट ही कुछ हजार हैं वो मजबूत दावेदार कैसे हो गये। एक लॉबी कुटिल मुस्कान के साथ जटिल चुनाव की बात कहते कहते ये भी कह गई है कि हमने तो चार बार के सासंद और तीन बार के मंत्री को घर बिठा दिया। हमने तो उनका ईलाज बांध दिया जो कहते थे कि हम औरों का ईलाज कर देते हैं। सुना है कि इस बार तमाशा रोचक होने जा रहा है और काम ना होने से,अफसरशाही हावी होने से हताशा वाले अब तमाशा देखने को तैयार बैठे हैं।

### तुसी कर दो ये एलान हम भरने जा रहे हैं रामलीला मैदान

तुसी मुसी वाले ताल ठोंक रहे हैं कि टिकट तो दो हम जीत कर दिखायेगें। तराजू वाले आंखे लाल कर रहे हैं कि सुर ना सही पर ताल की तो बात करों और कहां से हो गई तुम्हारी दावेदारी। तुसी मुसी वाले कह रहे हैं कि जंग में कागजी अफराद से क्या होता हैं,अरे हिम्मतें लड़ती हैं तादाद से क्या होता है। सवा लाख से एक लड़ाऊं वाले सिंह साहिब मैदान में आ गये हैं। यहां फूल वाले मोने ने ही कोने में बैठ कर जोश भरा और कहा कि अब तो पंजाबी समाज को ताकत दिखानी ही चाहिये। उसने दस पंजाबी चेहरों के नाम लिये और कहा कि कालरा जी से लेकर छाबड़ा जी और साधना जी से लेकर अरोड़ा जी तक सबको ये एलान कर देना चाहिये कि हम फंला तारीख को रामलीला मैदान भरने जा रहे हैं। पंजाबी समाज को अपनी ताकत दिखानी ही चाहिये। अब नही दिखायेगें तो भला कब दिखायेगें। एक बार रामलीला मैदान भरो तो सही अपने समाज की भीड़ से। जरा शहर को तो पता चले कि तुसी मुसी वालों की शहर में चुनावी ताकत क्या है। रामलीला मैदान जब पंजाबी समाज की भीड़ से भरेगा तब ही बात मानी जायेगी।

### हाथ वालों के यहां रहेगी चुनाव में उस समाजवादी की डिमांड

अब लगभग ये तय हो गया है कि हाथ वाले ही चुनाव लड़ेगें और साईकिल वाले चुनाव लड़वायेगें। चुनाव में कौन कौन स्टार प्रचारक बनकर आयेंगें की बात चली तो यहां नाम उस समाजवादी का आ गया जिसका जिक्र इन दिनों भाजपाई करते हैं और वो उसे रोल मॉडॅल बताते हैं। कहने वाले ने कहा कि आप देख लेना इस बार शहर वाले उप चुनाव में खासतौर से लाईनपार वाले इलाके में उस समाजवादी की डिमांड रहेगी। दान की गाय वो सरकारी कैद से छुड़ा लाया। विजयनगर में भाजपा वालों का पांच दिन से पड़ा मलबा उसी समाजवादी के एक फोन पर 30 मिनट में उठ गया था। मंदिर के दरवाजे उसके आते ही निगम वालों ने छुटटी के दिन आकर खोले थे। गाय वाली महिला बोलेगीमेरी गाय दिलवाई हैं,गांव वाले बोलेगें कि मंदिर के कपाट किसने खुलवाये हैं।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम संबंधों के मामले में दिन बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है। शॉपिंग पर जाने का प्लान बन सकता है और आप दोनों के बीच मतभेद होने की भी संभावना है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा, जिसे आप लंबे समय तक अपने दिल में रखना चाहेंगे। प्रेमी के सामने आप कुछ ऐसी बातें मान सकते हैं।

**मिथुन:** प्रेम संबंधों को लेकर आप फिर से एक नई दिशा की ओर बढ़ेंगे। दोनों को प्यार के अलावा कुछ नहीं दिखाई दे रहा है। प्यार भरे पल बस और कुछ नहीं होंगे।

**कर्क:** प्रेम संबंधों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। रिश्ता कब धीरे-धीरे नीरस हो गया है पता ही नहीं चलता। फिर रिश्तों में ऊर्जा का संचार करने की जरूरत है।

**सिंह:** लव-लाइफ को लाइफ में कंफर्टेबल बनाना चाहते हैं यानी उनमें किसी भी तरह का दुख-दर्द न हो, क्योंकि अब तक आप दोनों ने बहुत लंबा वक्त कराहते हुए बिताया है।

**कन्या:** प्रेमी से वाद-विवाद करने के योग बन रहे हैं, योग वास्तव में बनेगा या नहीं, यह आपके द्वारा बनाया जा सकता है। आपकी जुबान बहुत तेजी से आगे बढ़ रही होगी।

**तुला:** प्रेम-जीवन को लेकर आपके मन में प्रेमी के प्रति असंतोष का भाव रह सकता है। इस भावना को ठीक करने से पहले इसे समाप्त करना आवश्यक है।

**वृश्चिक:** वर्तमान संबंध को लेकर या प्रेमी को लेकर आप दुविधा में रह सकते हैं। भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक है।

**धनु:** प्रेम संबंध ईश्वर द्वारा दिया गया एक पवित्र उपहार है जो आपको मिलता है। इस उपहार की देखभाल करना सीखें। अपने पार्टनर के प्रति संवेदनशील रहें।

**मकर:** आप बहुत जल्दबाजी में रहने वाले हैं, यानी जल्द ही आप किसी बात को लेकर नाराज होने वाले हैं। इससे रिश्ते में कई उतार-चढ़ाव आते हैं।

**कुंभ:** आप अपने प्रेमी के जीवन को लेकर कोई बड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं। आप लंबे समय से प्रेम संबंधों में बदलाव के बारे में सोच रहे होंगे।

**मीन:** आज की ग्रह स्थिति बताती है कि आप समझ नहीं पा रहे हैं कि प्रेम जीवन का मार्ग क्या है? आपको किस रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए।

## चुटकुले

टूटाराम खाली पेपर को बार-बार चूम रहा था।
फूटाराम - ये क्या है?
टूटाराम - लव लेटर है।
फूटाराम - मगर ये तो खाली है।
टूटाराम - आज कल बोलचाल बंद है।

---

बंता : तेरी बीवी मेरे कब्जे में है,
सबूत के तौर पर 1 अंगुली भेज रहा हूं.
बंता : मुझे तुम पर विश्वास नहीं है
गर्दन भेज गर्दन

---

वैज्ञानिक चाहे कितनी भी खोज कर ले,
लेकिन इस बात का पता कभी नहीं
लगा सकते की,
भारत में लोग उदास होने के बाद,
अपनी व्हाट्सअप डीपी क्यूँ हटा देते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अगर हम प्रकाश की गति से अपनी नजदीकी गैलैक्सी पर जाना चाहे तो हमें 20 साल लगेगें।
- अगर धरती का आकार एक मटर जितना कर दें तो बृहस्पति इससे 300 मीटर दूर होगा और प्लुटो 2.5 किलोमीटर। मगर प्लुटो आपको दिखेगा नही क्योंकि तब इसका आकार एक बैक्टीरिया जितना होगा।
- विश्व के विद्युत उत्पादन का एक तिहाई सिर्फ बल्बों के द्वारा प्रकाश पाने में खर्च होता है।
- अभी तक उल्का पिंड द्वारा सिर्फ एक ही बनावटी उपग्रह नष्ट किया गया है।
- जिराफ 24 घंटों में सिर्फ 20 मिनट ही सोते है। वे 2 घंटे तक भी सो सकते है पर ऐसा बहोत कम देखने को मिलता है।
- एक ब्लड सेल को शरीर का चक्कर लगाने में 60 सेकंड लगते है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- हाथ मिलाने से जितने कीटाणु / जीवाणु नही फैलते उस से ज्यादा किस करने से फैलते है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# खेल मंत्री ने ध्यानचंद को किया याद, बोले- हर नागरिक अपनी पसंद का एक घंटे खेल खेले



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और दिग्गज हॉकी खिलाड़ी जफर इकबाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में दद्दा ध्यानचंद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हॉकी जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

खेल मंत्री ने इस मौके पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है, जो खेलेगा वह खिलेगा। देश के नागरिकों को स्वस्थ्य और फिट रहना है, जिससे स्वस्थ्य समाज का निर्माण हो सके। स्वस्थ्य समाज ही राष्ट्र निर्माण में मदद करता है। हमें 2047 तक विकसित भारत बनाना है, जिसमें सभी नागरिक स्वस्थ्य हों। स्वस्थ्य रहने के लिए खेलना जरूरी है। हर किसी को अपनी पसंद का एक घंटे के लिए कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए। वह भी अपना पसंदीदा खेल फुटबाल खेलेंगे।

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने दी अवनि और मोना को पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने पर बधाई

**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक का आगाज हो चुका है। शुक्रवार को भारतीय पैरा शूटर अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। दोनों की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी।

## अवनि की स्वर्णिम जीत पर पीएम ने दी शुभकामनाएं

अवनि ने पेरिस पैरालंपिक में 249.7 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसी के साथ उन्होंने अपने ही पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पीएम ने उन्हें बधाई देते हुए कहा- आर2 महिला 10मीटर एयर राइफल एसएच1 इवेंट में प्रतिष्ठित स्वर्ण जीतने के लिए अवनि लेखरा को बधाई। इसी के साथ उन्होंने इतिहास रच दिया है। वह तीन पैरालंपिक पदक



जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं! उनका समर्पण भारत को गौरवान्वित करता है।

## मोना को भी पीएम ने दी बधाई

वहीं, पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 228.7 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया और भारत को कांस्य पदक दिलाया। पीएम ने मोना को भी बधाई दी। उन्होंने कहा- मोना अग्रवाल को पेरिस पैरालंपिक 2024 में आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि उनके समर्पण और उत्कृष्टता की खोज को दशार्ती है। भारत को मोना पर गर्व है।

# जन्म से दोनों हाथ नहीं, फिर भी पेड़ पर चढ़ने में माहिर हैं शीतल; अब पैरालंपिक में कर रहीं कमाल

## पढ़ें शीतल के संघर्ष की कहानी



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार एथलीट शीतल देवी इन दिनों पैरालंपिक खेलों में कमाल कर रही हैं। उन्होंने शुक्रवार को पैरालंपिक खेलों में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन फिर एक अंक से किसी और एथलीट ने उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस तरह वह पहले राउंड में दूसरे स्थान पर रही थीं और अंतिम-16 में पहुंचने में कामयाब रही थीं। जम्मू-कश्मीर की शीतल ने हांगझोऊ पैरा एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत जीते थे। शीतल ने गुरुवार को क्वालिफाइंग रैंकिंग राउंड में 720 में से 703 का स्कोर किया। रैंकिंग राउंड का 698 अंकों के साथ पिछला विश्व रिकॉर्ड ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे पीटरसन के नाम था, जिसे शीतल ने पीछे छोड़ दिया। हालांकि, तुर्किये की ओजनूर गिर्डी ने 704 अंकों के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया और शीर्ष स्थान पर रहकर अंतिम-16 में पहुंचीं। शीतल कुमारी दुनिया की पहली महिला तीरंदाज हैं, जो हाथ नहीं होने के बावजूद तीरंदाजी में कमाल कर रही हैं।

पिछले साल अमर उजाला के साथ बातचीत में शीतल ने अपने जीवन से जुड़े कई खुलासे किए थे। इस दौरान 16 साल की शीतल की मासूमियत झलक रही थी। शीतल ने बताया कि वह बचपन से ही हर काम पैर से करती हैं। बचपन में वह अपने भाई बहनों के साथ फुटबॉल भी खेलती थीं और बाकी खेलों में भी व्यस्त रहती थीं। चंचल स्वभाव की शीतल कभी शांत नहीं बैठती थीं। वह दोस्तों के साथ मिलकर लकड़ी का धनुष बनाती थीं और उसके साथ भी खेलती रहती थीं। लकड़ी का धनुष बहुत हल्का होता था और उसे उठाना भी बेहद आसान होता था।

शीतल अपने दोस्तों के साथ पेड़ पर भी चढ़ जाती थीं। वह सामान्य बच्चों की तरह ही पेड़ पर चढ़ जाती थीं, जबकि बचपन से उनके दोनों हाथ नहीं हैं। उनका गांव पहाड़ी इलाके में है और पेड़ से गिरने पर गंभीर चोट लगने का खतरा रहता है, लेकिन उन्हें खुद पर इतना भरोसा है कि वह आसानी से पेड़ पर चढ़ जाती हैं। शीतल का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वह पैर से पानी की बोतल को उछालती हैं और एकदम सीधे खड़ी कर देती हैं। वहीं, उनके दोस्त हाथ से उछालने पर भी बोतल को सीधे नहीं खड़ा कर पाते।

शीतल ने हाल ही में पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण सहित तीन पदक जीते थे। वह साल 2023 की सर्वश्रेष्ठ एशियाई युवा एथलीट भी चुनी गई हैं। 16 साल की शीतल का निशाना कमाल का है और आने वाले समय में उनसे कई पदकों की उम्मीद है।

शीतल ने बताया कि जब उन्होंने तीरंदाजी में अपना करियर बनाने का फैसला किया तो शुरूआत में उन्हें धनुष उठाने में बहुत परेशानी होती थी, क्योंकि इसका वजन काफी ज्यादा होता है। हालांकि, जब उनके कोच को यह पता चला कि शीतल पैर से ही पेड़ पर चढ़ जाती हैं तो उन्हें यकीन हो गया कि यह लड़की कुछ भी कर सकती हैं। कोच ने शीतल को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और अब वह देश के लिए कमाल कर रही हैं।

# ओलंपिक रजत पदक विजेता कार्लोस अल्काराज दूसरे राउंड में हारकर बाहर, विश्व नंबर-74 जैंडस्कल्प ने हराया

**नई दिल्ली।** विश्व नंबर तीन स्पेन के कार्लोस अल्काराज यूएस ओपन के पुरुष एकल के दूसरे राउंड में हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें गुरुवार रात आर्थर ऐश स्टेडियम के सेंटर कोर्ट पर स्तब्ध कर देने वाले मैच में विश्व रैंकिंग में 74वें स्थान पर काबिज बोटिक वान डी जैंडस्कल्प ने दो घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 7-5, 6-4 से हरा दिया।



अल्काराज अब तक तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम चार बार जीत चुके हैं। इनमें दो बार विंबलडन (2023, 2024), एक फ्रेंच ओपन (2024) और एक यूएस ओपन (2022) शामिल हैं। यानी वह कुल मिलाकर चार ग्रैंडस्लैम जीत चुके हैं। इसके अलावा पेरिस ओलंपिक में उन्होंने रजत पदक भी जीता था। अल्काराज यूएस ओपन को जीतने के लिए पसंदीदा माने जा रहे थे, लेकिन उन्हें डच प्रतिद्वंद्वी ने शिकस्त दी।

अल्काराज पहले सेट में पूरी तरह से आउट ऑफ प्ले दिख रहे थे। जैंडस्कल्प ने उनकी सर्विस दो बार ब्रेक और पॉइंट अर्जित किए। हालांकि, जैंडस्कल्प इतने शानदार थे कि उन्होंने अल्काराज को अपनी सर्विस तोड़ने का एक भी मौका नहीं दिया। यह दशार्ता है कि वह कितना प्रभावशाली थे। जैंडस्कल्प अब तीसरे दौर में यूएसए के जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे।

पहले सेट में जैंडस्कल्प पूरी तरह हावी दिखे और 6-1 से अपने नाम किया। दूसरा सेट 5-5 से बराबर रहने के बाद टाई ब्रेक में पहुंचा, जिसे जैंडस्कल्प ने 7-5 से अपने नाम किया। तीसरे सेट में जैंडस्कल्प एकबार फिर शानदार दिखे और 6-4 से जीत हासिल की और मैच भी अपने नाम किया। अल्काराज विंबलडन 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट से शुरूआती दौर में हारकर बाहर हुए हैं। जैंडस्कल्प अपने फर्स्ट सर्व में शानदार दिखे और कुल 63 में से 49 पॉइंट यानी 78 प्रतिशत पॉइंट उन्होंने अपने फर्स्ट सर्व से हासिल किए। उन्होंने 22 स्मैशिंग विनर्स लगाए। अल्काराज ने 21 विनर्स जरूर लगाए, लेकिन साथ ही 27 अनफोर्स्ड एरर भी किए, जो कि निर्णायक साबित हुआ।

जैंडस्कल्प ने पहले राउंड में शापोवालोव को 6-4, 7-5, 6-4 से हराया था। अल्काराज ने अपने पहले राउंड में ली तू को 6-2, 4-6,6-3, 6-1 से हराया था। अल्काराज का फॉर्म पिछले कुछ समय से खास नहीं रहा है। पेरिस ओलंपिक के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद उन्हें सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूनार्मेंट के शुरूआती दौर में ही गेल मोनफिल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। मोनफिल्स ने तीन सेट तक चले इस कड़े मुकाबले में 4-6, 7-6 (7-5), 6-4 से जीत दर्ज की। इस हार के बाद अल्काराज ने अपना गुस्सा रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटककर तोड़ डाला। सिनासिनाटी ओपन टूनार्मेंट यूएस ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

# किस बल्लेबाज के खिलाफ गेंदबाजी सबसे कठिन है, बुमराह ने दिया गजब का जवाब

**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह मौजूदा समय में दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं। पिछले कुछ सालों में बुमराह ने गेंद से जमकर कहर बरपाया है और यही वजह है कि क्रिकेट जगत में उनके नाम का डंका बज रहा है। ळ20 वर्ल्ड कप 2024 में अपनी शानदार गेंदबाजी से बुमराह ने भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। टूनार्मेंट में बुमराह ने 8 मैचों में 8.26 के बेहतरीन औसत 4.17 के शानदार इकॉनमी रेट से 15 विकेट अपनी झोली में डाले और प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड अपने नाम करने में सफल रहे। इसमें कोई शक नहीं है कि बुमराह की खतरनाक गेंदों का सामना करने से अब हर बल्लेबाज घबराता है। वरअ और वेस्टइंडीज की धरती पर खेले गए ळ20 वर्ल्ड कप में हम ये साफ तौर पर देख चुके हैं। लेकिन क्या बुमराह को किसी बल्लेबाज का सामने करने से डर लगता है? इस सवाल का बुमराह ने कमाल का जवाब दिया है। दरअसल, एक इवेंट में के दौरान दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बुमराह से एंकर ने पूछा कि गेंदबाजी करने के लिए सबसे मुश्किल बल्लेबाज कौन है? इस पर बुमराह ने एंकर को शानदार जवाब दिया। यॉर्कर किंग ने कहा कि वह एक अच्छा जवाब देना चाहते हैं, लेकिन असल बात यह है कि वह नहीं चाहते कि कोई मेरे दिमाग में आकर मुझ पर हावी हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि वह सबका सम्मान करते हैं, लेकिन अपने दिमाग में वह खुद से कहते हैं कि अगर वह अपना काम अच्छे से करेंगे, तो दुनिया में कोई भी उन्हें नहीं रोक सकता। जसप्रीत बुमराह भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। जब से बुमराह ने चोट के बाद वापसी की है, उनके प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी भी कह चुके हैं कि बुमराह पीठ की चोट से वापसी के बाद से और भी ज्यादा घातक गेंदबाज हो गए हैं। बुमराह पीठ की चोट के कारण पिछले साल ज्यादातर समय टीम इंडिया से बाहर रहे थे। बुमराह ने सितंबर 2022 में बाहर होने के बाद पिछले साल अगस्त में वापसी की और तब से ही भारत के सबसे सफल गेंदबाज बने हुए हैं।

# अश्विन ने आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी, रोहित या विराट को नहीं

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी। इनमें कुल सात भारतीय शामिल रहे। हालांकि, अश्विन ने कुछ चौंकाने वाले फैसले भी लिए। क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड, आंद्रे रसेल, गौतम गंभीर जैसे सुपरस्टार खिलाड़ियों को उन्होंने इस प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया। अश्विन की सर्वश्रेष्ठ इलेवन में मुंबई इंडियंस के चार खिलाड़ी, जबकि उनकी पुरानी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के सिर्फ दो खिलाड़ी शामिल रहे। कप्तानी में अश्विन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एमएस धोनी को तरजीह दी।



धोनी और रोहित दोनों ने पांच-पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। हालांकि, अश्विन की नजर में उनके पूर्व कप्तान धोनी सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। अश्विन ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर के श्रीकांत के यूट्यूब चैनल 'चीकी चीका' पर एक चैट शो के दौरान यह टीम चुनी।

अश्विन ने बतौर ओपनर रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी को चुना, जबकि मिस्टर आईपीएल सुरेश रैना को नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए चुना। रोहित और विराट आईपीएल में लंबे समय से अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी के लिए ओपनिंग कर रहे हैं। इस साल दोनों दिग्गजों ने टी20 विश्व कप में भी भारत के लिए ओपनिंग की थी। अश्विन ने नंबर चार पर सूर्यकुमार यादव को चुना, जबकि पांचवें नंबर पर मिस्टर 360 एबी डिविलियर्स को जगह दी। विकेटकीपिंग के मामले में अश्विन ने कोई चौंकाने वाला फैसला नहीं लेते हुए महेंद्र सिंह धोनी को चुना और उन्हें कप्तान की भूमिका भी दी। धोनी आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। वह अब तक चेन्नई का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

चौंकाने वाली बात तो यह है कि अश्विन ने स्पिन डिपार्टमेंट में न तो अपना और न ही आईपीएल के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर युजवेंद्र चहल को चुना। न ही इसमें पीयूष चावला और अमित मिश्रा का नाम दिखा। स्पिन गेंदबाजी विभाग में अश्विन ने सुनील नरेन और राशिद खान की जोड़ी को चुना। इन दोनों को अश्विन ने स्पिन करने के साथ अलावा उनकी बल्लेबाजी स्किल के लिए चुना। नरेन ने आईपीएल 2024 में बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया था। वहीं, राशिद लोअर ऑर्डर में विस्फोटक बल्लेबाजी करने की क्षमता रखते हैं। अश्विन ने टीम में कुल तीन तेज गेंदबाजों को चुना। इनमें लसिथ मलिंगा के साथ भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह के नाम शामिल रहे। भुवनेश्वर फिलहाल टीम इंडिया से दूर हैं, लेकिन वह आईपीएल के और एक समय टीम इंडिया के स्ट्राइक गेंदबाजों में से एक थे। भुवनेश्वर जहां पावरप्ले में विकेट निकालने में माहिर हैं, वहीं मलिंगा और बुमराह डेथ ओवरों में कहर बरपा सकते हैं। दोनों ने मुंबई इंडियंस के लिए कई बार ऐसा किया है।

# स्टार क्रिकेटर ने अचानक टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक, वर्ल्ड क्रिकेट में मच गया तहलका

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट के पोस्टर बॉय राशिद खान अपनी पीठ को आराम देने के लिए निकट भविष्य में टेस्ट फॉर्मेट में नहीं खेलेंगे जिसकी उन्होंने पिछले साल सर्जरी कराई थी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि राशिद खान और टीम मैनेजमेंट ने उनकी पीठ की समस्या को देखते हुए क्रिकेट के लंबे फॉर्मेट से ब्रेक लेने का आपसी सहमति से फैसला किया है।

इस सप्ताह की शुरूआत में राशिद खान को 9 सितंबर से ग्रेटर नोएडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए शुरूआती टीम में नहीं चुना गया था। अक्टूबर-नवंबर में भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप के बाद राशिद खान ने पीठ की सर्जरी कराई थी और वह इसके बाद से चार महीने तक खेल से बाहर रहे थे। वह हाल में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा थे, जहां उन्होंने अफगानिस्तान



**स्टार क्रिकेटर ने अचानक टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक**

25 वर्षीय राशिद खान ने हाल में काबुल में शपागीजा टी20 लीग में तीन मैच खेले और कुल छह विकेट लिए। सूत्र ने कहा, सर्जरी के बाद राशिद की योजना धीरे धीरे अपना कार्यभार बढ़ाने की थी। अगले छह महीने से एक साल तक लंबे प्रारूप में नहीं खेलना भी योजना का हिस्सा था। टेस्ट में उन्हें एक छोर से गेंदबाजी करनी होगी और उनकी पीठ इस तरह के कार्यभार के लिए तैयार नहीं है। उन्हें अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध होना चाहिए।

की कप्तानी करते हुए टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचाया था। राशिद खान ने अफगानिस्तान के लिए पांच टेस्ट, 103 वनडे और 93 टी20 मैच खेले हैं। इस महीने की शुरूआत में अमेरिका में द हंड्रेड के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग की चोट भी लगी थी। अफगानिस्तान की टीम पहले से ही ग्रेटर नोएडा में है जो उसका घरेलू मैदान है और उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी है।

# सुरेश रैना ने टीम इंडिया को दी चेतावनी, बताया बांग्लादेश को हल्के में क्यों नहीं ले सकते; रोहित-कोहली को लेकर कही ये बात

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है जिसका आयोजन भारत में किया जाएगा। इस टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने भारत को चेतावनी दी है और बताया है कि क्यों हम बांग्लादेश की टीम को हल्के में लेने की भूल नहीं कर सकते हैं।

## बांग्लादेश को हल्के में नहीं ले सकते

रैना ने टीवी टूडे पर बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए इस टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा, लेकिन दूसरा टेस्ट मैच कानपुर में होगा। कानपुर में अक्टूबर में विकेट ठोस होगा और ओस के कारण ज्यादा स्पिन नहीं होगा। यहां का मैदान गंगा नदी के किनारे हैं और इसकी वजह से सुबर ठंड होगी। यहां का मौसम उदास होगा और दोनों टीमों को इससे निपटना होगा, लेकिन भारतीय टीम बहुंत मजबूत है। हम बांग्लादेश को हल्के में नहीं ले सकते क्योंकि उन्होंने हाल ही में रावलपिंडी में पहले टेस्ट में पाकिस्तान को हराया है। उम्मीद है कि हमें कुछ अच्छा क्रिकेट देखने को मिलेगा।



**रोहित-विराट को दपील ट्रॉफी में खेलना चाहिए**

रैना ने रोहित-विराट के बारे में बात करते हुए कहा कि आप देखिए की आईपीएल खत्म होने के बाद से उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेला है। हम एक अहम टेस्ट सीरीज खेलने जा रहे हैं और इसकी वजह से हमें 4 दिवसीय क्रिकेट खेलना चाहिए और इस बात की आदत डालनी चाहिए कि विकेट चौथे दिन कैसा बर्ताव करेगा। मुझे लगता है कि रोहित और कोहली इतने परिपक्व हो चुके हैं कि वे 4-5 दिन अभ्यास करेंगे और खुद को तैयार कर लेंगे, लेकिन कभी-कभी, परिवार के साथ समय बिताना भी महत्वपूर्ण होता है। आपको बता दें कि बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर में होगा।

# सूर्यकुमार के कैच का मजाक उड़ा रहे थे शम्सी, फैंस ने कर दिया ट्रोल, बाद में देनी पड़ी सफाई

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी को टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में सूर्यकुमार यादव के प्रतिष्ठित कैच का मजाक उड़ाने के लिए फैंस ने क्लास लगाई है। सूर्यकुमार ने फाइनल में 20वें ओवर में बाउंड्री लाइन पर डेविड मिलर का महत्वपूर्ण कैच लिया था और भारत को ट्रॉफी जीतने में मदद की थी। हालांकि, इस कैच पर जमकर बवाल हुआ था। कुछ फैंस ने सूर्यकुमार के कैच पर सवाल उठाए थे, जबकि कुछ फैंस ने इसे वैध बताया था।

इस फाइनल के दो महीने बाद शम्सी ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें फील्डर बाउंड्री लाइन पर एक करीबी कैच लेता है। हालांकि, कैच सही तरीके से लिया गया है कि नहीं, इसकी जांच करने के लिए बल्लेबाज बाउंड्री लाइन की ओर दौड़ता है और रस्सी का उपयोग करके यह जांचता है कि फील्डर ने सीमा रेखा पर कदम रखा है या नहीं। काफी



लंबे समय तक निरीक्षण और विवाद के बाद पाया गया कि कैच स्पष्ट नहीं था इसलिए बल्लेबाज को नॉटआउट दिया गया। इस वीडियो के कैप्शन में शम्सी ने तंज कसते हुए लिखा कि सूर्यकुमार यादव के कैच के दौरान भी इस तरीके का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था। ऐसे में फैसला मिलर के पक्ष में हो सकता था। शम्सी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'अगर मैच अधिकारी विश्व कप फाइनल में कैच की जांच करने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल करते तो शायद वह नॉट आउट होते।'

हालांकि, यह तंज फैंस को पसंद नहीं आया। उन्होंने सूर्यकुमार के कैच की वैधता पर सवाल उठाने के लिए शम्सी को फटकार लगाई। नतीजा यह हुआ कि शम्सी को बाद में स्पष्ट करना पड़ा कि वह मजाक कर रहे थे। उन्होंने लिखा- अगर कुछ लोग यह नहीं समझते हैं कि यह एक मजाक है और हम में से कोई भी अफसोस नहीं मना रहा है न रो रहा है। मैं आपको इसे चार साल के बच्चे की तरह समझाता हूं- यह एक मजाक है।

**टी20 विश्व कप फाइनल में भारत की शानदार वापसी**

फाइनल की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका को आखिरी छह गेंदों पर जीत के लिए 16 रनों की आवश्यकता थी। हालांकि, मिलर ने हार्दिक पांड्या की फुल टॉस बॉल को लॉन्ग ऑन पर खेला, जहां सूर्यकुमार यादव ने शानदार मैच प्रजेंस दिखाते हुए एक बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद भारत ने मैच को अपने नाम किया और आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल लंबे सूखे को समाप्त किया। भारत ने 2013 के बाद पहली बार कोई आईसीसी ट्रॉफी जीती। वहीं, 2007 के बाद यह भारत का पहला टी20 विश्व कप खिताब था।

# स्वर्गीय सचिन भारद्वाज की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज के पुत्र स्वर्गीय सचिन भारद्वाज की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई। प्रहलाद गढ़ी में आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर स्वर्गीय सचिन भारद्वाज की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। पुण्यतिथि पर आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में परिवार के लोगों में विजय लक्ष्मी भारद्वाज, कांग्रेस नेता डॉली शर्मा, मनीष भारद्वाज, अर्थव शर्मा, अनन्य भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुरेन्द्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, मुख्य रूप से उपस्थित थे।




## कब तक पेंडिग चलेगी सिटी वालों की लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में तबादलों की जो लिस्ट जारी होनी थी, वह काफी दिनों से पेंडिंग चल रही है। अब लिस्ट को लेकर इतना बढ़ा होल्ड क्यों और किस वजह से हैं यी तो साहब लोग जाने पर चर्चाएं बहुत तेज चल रहीं हैं। पुलिस के ही सूत्रों से सुनने में आया है कि भले ही लिस्ट को लेकर फाइनलाइजेशन 11 अगस्त को ही हो गया हो, लेकिन अभी तक इस लिस्ट को रवाना नहीं किया जा रहा है। बताया जा रहा है इसमें कई थानों के टू- स्टार बदले जाने के साथ ही बदलाव वाला पैगाम सुनाया जाना है। तो




वहीं कई चौकी प्रभारी भी इधर से उधर किए जाने हैं। सुनने में तो यहां तक आया है कि कई पिंक बूथ की प्रभारियों की स्थिति में बदलाव देखने को मिल सकता है। सुनने में आया है कि भले इस लिस्ट पर साइन हो चुके हो लेकिन अधिकारी अपनी व्यस्तता और अन्य बड़े-बड़े प्रकरणों का हवाला देकर इसे होल्ड पर लेकर चल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले ट्रांस हिंडन जोन वाले साहब ने एक छोटी लिस्ट जारी कर दी हो पर सिटी की लिस्ट को लेकर अभी भी वेट एंड वॉच वाली स्थिति बनी हुई है। अब लिस्ट जारी करने में देरी क्यों हो रही है, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है ,पर पुलिस महकमें टू-स्टार और थ्री-स्टार के बीच चर्चाएं हो रही हैं कि मामला कहीं पर अवश्य अटका हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले ही सूत्रों से जो गोपनीय जानकारी मिली है उसके अनुसार इस लिस्ट में वह पुलिसकर्मी भी थाने और कार्यालय से हटाए जाएंगे जिनके ऊपर अधिकारियों ने प्रश्न चिन्ह लगाए थे। इसमें कुछ पर तो तत्काल एक्शन लेने की जानकारी आई थी। बताया जा रहा है की पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की सिटी वाली लिस्ट बने हुए लगभग 20 दिन हो गए हैं ,पर उसे जारी नहीं किया जा रहा है। लिस्ट में देरी की वजह से कई टू और थ्री-स्टार दुविधा में बने हुए हैं कि उनके साथ क्या होने वाला है। उधर कहने वाले कह रहे हैं कि देखना होगा कि सिटी वाले साहब कब अपनी पहली लिस्ट निकालते हैं, क्योंकि उनकी जो एक लिस्ट आई थी, वह बहुत शॉर्ट थी। अब यह फुल लिस्ट कब और कैसे निकाली जाती है, इसका उनके सर्किल वाले अधिकारियों और थानों के प्रभारियों को भी बेसब्री से वेट है।

## समाजवादी पार्टी ने रेलवे रोड बजरिया में छात्र नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान कैंप लगाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर शुक्रवार को ठाकुर विक्की सिंह महानगर अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा एवं मो. निसार उपाध्यक्ष युवजन सभा व रविंदर यादव उपाध्यक्ष युवजन सभा के नेतृत्व में रेलवे रोड बजरिया गाजियाबाद में छात्र नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान का कैंप लगाया गया जिसमें समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व और कार्यकाल में किए गए विकास कार्य से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में छात्र नौजवान व पीडीए के लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर गाजियाबाद जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर



अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, राजन कश्यप, महानगर महासचिव सिकंदर यादव, महापौर प्रत्याशी मनोज पंडित, महानगर उपाध्यक्ष सपा रविंदर यादव महानगर अध्यक्ष यूथ बिग्रेड अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्र सभा, विक्रांत पंडित प्रदेश सचिव युवजन सभा, उपेन्दर यादव प्रदेश सचिव छात्र सभा मुकेश ठाकुर उपाध्यक्ष युवजन सभा, संजय यादव कोषाध्यक्ष युवजन सभा, सुनील जिंदल, सत्य प्रकाश कंसल, नितिन शर्मा, आशु अब्बासी, नरेश बत्रा, सचिन यादव, नवीन यादव, नामे पल यादव, आरिफ, समशद, सहबाज, अली खान, नजीरूद्दीन आदि सपा नेता मौजूद रहे।

## लार्वा को नष्ट कर रही स्वास्थ्य-विभाग की टीम

### सीएमओ बोले: घर के आसपास पानी के गड्ढे न रखे, पीने के पानी को ढक-कर रखें

**हापुड।** हापुड़ में आशा और स्वास्थ्य कार्यकर्ता शुक्रवार से घर-घर जाकर लार्वा सर्वे कर उन्हें नष्ट करने का काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यकताओं डेंगू व मलेरिया के बचाव संबंधी जानकारी भी दे रहे हैं। सीएमओ डॉ. सुनील त्यागी ने बताया मच्छरों के डंक मारने से डेंगू व मलेरिया रोग होता है। इसके मुख्य लक्षण है तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी, जोड़ों में दर्द एवं मांसपेशियों में दर्द। उन्होंने कहा है कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है। यह दिन में काटता है।

शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव नान समेत कई गांव लार्वा की खोज की। करवा मिलने पर उसे नष्ट कराया गया। सीएमओ डॉ सुनील त्यागी ने बताया कि घर के आसपास पानी के गड्ढे न रखे। घर में पानी की टंकियों की नियमित रूप से साफ सफाई करें और उन्हें ढककर रखें। पीने के पानी को साफ स्थान पर ढककर रखें।



फूल आस्तीन के कपड़े पहनकर रखें। घर में नीम की पत्तियों का धुआं करने से भी मच्छरों का प्रकोप कम होता है।

मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लार्वा नष्ट करने के लिए दवा का छिड़काव किया जाता है। घर के आसपास जमा पानी में जला हुआ आइल डालें। जिससे लार्वा न पनप पाए।

## 02 से 15 सितम्बर तक चलाया जायेगा विशेष कुष्ठ रोगी खोजी अभियान : डा. अखिलेश मोहन

### अभियान संचालन करेंगे एसीएमओ डा. अमित विक्रम, एसीएमओ डा. आर.के. गुप्ता एवं डा. अनवर अंसारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) के अन्तर्गत एक विशेष कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीडीसी) डा. अखिलेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में चलाया जाना है। इस अभियान के संचालन की जिम्मेदारी डा. अमित विक्रम, जिला कुष्ठ अधिकारी, डा. आर.के. गुप्ता, नोडल अधिकारी (एन.यू.एच.एम.) तथा डा. अनवर अंसारी, उप जिला कुष्ठ अधिकारी को दी गयी है। यह कार्यक्रम 02 से 15 सितम्बर, 2024 तक चलाया जायेगा। जनपद गाजियाबाद में कुल



5243 टीमों का गठन किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा वोलिन्टियर घर-घर जाकर परिवार के 2 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक सदस्य का भौतिक परीक्षण करेगे।

प्रत्येक टीम में एक महिला एवं पुरुष (आशा /आंगनवाड़ी / वोलिन्टियर) रहेंगे। अभियान के दौरान प्रत्येक दिन टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में 20-25 घर तथा शहरी क्षेत्र में 25-30 घरों का भ्रमण करेंगी। प्रत्येक 5 टीमों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गयी है।

वर्तमान में जनपद गाजियाबाद में 93 कुष्ठ रोगियों का उपचार चल रहा है। अतः जनपद के समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि इस अभियान के सफल संचालन व अपने जनपद को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने में आपके घर पर पहुंच रही टीमों से अपना भौतिक परीक्षण कराने हेतु सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

## हापुड़ में एसपी से मिले बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

**हापुड़।** हापुड़ में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह से मिला। अधिवक्ताओं ने एसपी से 28 अगस्त 2023 को पुलिस द्वारा दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग की। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

वहीं, शुक्रवार को अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। शुक्रवार को हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामनिवास सिंह और सचिव विकास त्यागी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल एसपी से मिला। अधिवक्ताओं ने एसपी को बताया कि 29 अगस्त 2023 को पुलिस द्वारा हापुड बार एसोसियेशन के निहत्थे अधिवक्ताओं पर बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज किया था। अधिवक्ताओं के विरूद्ध झूठे फर्जी मुकदमे दर्ज करा दिए थे। जिसके उपरान्त समूचे उत्तर प्रदेश में इसके विरूद्ध धरना प्रदर्शन और आन्दोलन हुआ था।

## सौतेले पिता की अश्लील हरकतों के खिलाफ बेटी ने दर्ज कराई एफआईआर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में एक 17 वर्षीय छात्रा ने अपने सौतेले पिता हरदयाल अहिरवार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा अपनी माँ गीता अहिरवार के साथ इंदरगढ़ी के मस्जिद के पास किराए के मकान में रहती है। छात्रा ने शिकायत में बताया कि उसके सौतेले पिता नशे की हालत में गंदे गाली-गलौज करते हुए मार-पीट करता था और जान से मारने की धमकी देता था। छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा कि हरदयाल ने उसे और उसकी मां को 27 अगस्त को फोन पर धमकी दी। उसने बताया कि जब वह 9-10 साल की थी, तब से हरदयाल ने उसके साथ छेड़छाड़ की और गलत तरीके से उसे छूने की कोशिश की। उसने कई बार धमकाकर उसे यह बात किसी को न बताने की चेतावनी दी और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में कहा गया है कि हरदयाल के द्वारा किए गए अत्याचार और धमकियों ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यधिक पीड़ा पहुंचाई है। छात्रा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि उसकी रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और उसके सौतेले पिता को सजा दिलाई जाए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमने इस गंभीर मामले में कार्यवाई और प्रभावी कदम उठाया है।

# भारत-अमेरिका में पीएम मोदी के दौरे से पूर्व रणनीतिक वार्ता

## द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा



**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत के नए राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने भारत-अमेरिकी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा के लिए विदेश उप-मंत्री (प्रबंधन-संसाधन) रिचर्ड वर्मा से मुलाकात की। अगले माह संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की न्यूयॉर्क यात्रा से पहले यह बैठक काफी अहम है। बैठक में दोनों देशों के रणनीतिक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

क्वात्रा ने वर्मा से मुलाकात की और विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री से भी चर्चा की। क्वात्रा ने कहा, रिचर्ड वर्मा के साथ भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। दोनों देशों में द्विपक्षीय साझेदारी भविष्य में कई संभावनाओं से भरी है। इससे पहले विनय क्वात्रा का नई भूमिका में रिचर्ड वर्मा ने स्वागत किया व कहा, रिश्ते को मजबूत करने के लिए क्वात्रा के साथ काम को उत्सुक हूं। उन्होंने प्रगति और वादे की साझेदारी को लेकर कहा, हमने सुरक्षा, जलवायु कार्रवाई और स्वच्छ ऊर्जा सहित कई अमेरिकी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाया है।

### चीनी आक्रामकता के चलते भारतीय रुख अमेरिका से सहयोग वाला : पूर्व एनएसए

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एचआर मैकमास्टर ने अपनी नई पुस्तक में दावा किया है कि भारत मुख्य रूप से चीनी आक्रामकता के चलते अमेरिका से ह्यअभूतपूर्वह्न सहयोग का इच्छुक है। उन्होंने कहा, साथ ही भारत ह्यफंसने और त्यागे जानेह्न को लेकर भी भयभीत है। ट्रंप के प्रशासन में एनएसए रहे मैकमास्टर ने ह्यऐट वॉर विद अवरसेल्व्सह्न नामक किताब में लिखा, ट्रंप द्वारा बर्खास्त किए जाने से एक दिन पहले उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष अजीत. डोभाल से मुलाकात की थी।

एक आधिकारिक संचार में कहा गया है कि यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने राष्ट्रपति बिडेन को यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा के बारे में जानकारी दी। बयान में कहा गया है, पीएम ने बातचीत और कूटनीति के पक्ष में भारत की लगातार स्थिति को दोहराया और शांति और स्थिरता की जल्द वापसी के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

# पूर्व पीएम शेख हसीना और परिवार की विशेष सुरक्षा वापस होगी, अंतरिम सरकार कानून में संशोधन करेगी



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को दी गई विशेष सुरक्षा बृहस्पतिवार को अंतरिम सरकार ने वापस लेने का एलान किया है। अंतरिम सरकार का यह फैसला हसीना और उनके परिवार के राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के कुछ दिनों बाद आया है। हालांकि, अभी शेख हसीना की विशेष सुरक्षा खत्म करने वाले कानून में संशोधन करना बाकी है।

आधिकारिक बीएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस की अध्यक्षता में सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधान मंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों के लिए विशेष सुरक्षा हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया। मुख्य सलाहकार कार्यालय (सीएओ) ने बैठक के बाद बयान में कहा कि यह अधिनियम पिछली सरकार के फैसले के बाद बनाया और लागू किया गया था।

इसके बाद 15 मई 2015 को इस कानून के तहत हसीना और उनके करीबियों को विशेष सुरक्षा और लाभ प्रदान करने के लिए एक गजट जारी किया गया।

**बयान में आगे कहा, 'यह कानून पूरी तरह से एक परिवार के सदस्यों को विशेष राज्य लाभ प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो स्पष्ट भेदभाव का गठन करता है।'**

बयान में आगे कहा, 'यह कानून पूरी तरह से एक परिवार के सदस्यों को विशेष राज्य लाभ प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो स्पष्ट भेदभाव का गठन करता है।' कहा कि अंतरिम सरकार सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। बदले हुए परिदृश्य के कारण 'मौजूदा कानून के अनुरूप राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के परिवार से संबंधित प्रावधानों को प्रशासनिक प्रबंधन के तहत लागू करना संभव नहीं है।'

बैठक के बाद सलाहकार परिषद की सदस्य सैयदा रिजवाना हसन ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, 'अंतरिम सरकार भेदभाव विरोधी आंदोलन का परिणाम थी।' पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का प्रभार सौंपे गए रिजवाना ने कहा कि परिषद ने कानून को 'भेदभावपूर्ण' मानते हुए इसमें संशोधन करने का फैसला किया।

हाल ही में गृह मंत्रालय ने हसीना, उनके सलाहकारों, पूर्व कैबिनेट सदस्यों और 12वीं संसद के सभी सदस्यों के राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिए। उनके जीवनसाथी और बच्चों के राजनयिक पासपोर्ट भी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं।

बता दें कि जन विद्रोह के बीच पांच अगस्त को 76 वर्षीय हसीना के बांग्लादेश छोड़ भारत भाग जाने के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भंग कर दी थी। जिसके बाद आठ अगस्त, 2024 को अंतरिम सरकार का गठन किया गया, जिसमें मुख्य सलाहकार और अन्य सलाहकार शामिल हैं। वहीं, पूर्व पीएम हसीना पर वर्तमान में बांग्लादेश में 75 से अधिक मामले हैं, जिनमें से लगभग आधे हत्या के आरोप से जुड़े हैं।






### एफबीआई ने की घोषणा

# अपने बेटे की हत्या करने वाली महिला को ढूंढ़ने पर 20 लाख रुपये ईनाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेक्सास के डलास में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अपने बेटे की हत्या करने वाली सिंडी रॉड्रिगेज सिंह की गिरफ्तारी और दोषसिद्धी की सूचना देने वालों को 25,000 अमेरिकी डॉलर (20 लाख रुपये) इनाम के तौर पर देने की घोषणा की। आरोपी रॉड्रिगेज सिंह का भारत और मैक्सिको से संबंध है। उस पर अपने छह वर्षीय बेटे की हत्या का आरोप है, जो अक्तूबर 2022 के बाद से जिंदा नहीं देखा गया। टेक्सास परिवार और सुरक्षा सेवा विभाग के अनुरोध पर एवरमैन पुलिस विभाग के अधिकारियों ने 20 मार्च 2023 में लड़के के लिए जांच की। इस जांच के दौरान रॉड्रिगेज सिंह ने अधिकारियों झूठ कहा। उसने बताया कि उनका बेटा अपने पिता के साथ नवंबर 2022 से मैक्सिको में रह रहा है। पिछले साल मार्च में रॉड्रिगेज सिंह, उसके पति और छह बच्चे भारत जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में सवार हुए। ऐसा बताया गया कि उनके साथ लापता बच्चे को नहीं देखा गया। वह प्लाइट में भी नहीं था।

**आरोपी रॉड्रिगेज सिंह का भारत और मैक्सिको से संबंध है**

अक्तूबर 2023 में सिंडी रॉड्रिगेज सिंह पर टेक्सास के टैरेंट काउंटी जिला न्यायालय में हत्या का आरोप लगाया गया था। नवंबर 2023 में उसके खिलाफ एक संघीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। डलास एफबीआई के विशेष प्रभारी एजेंट जाड यारब्रॉ ने मीडिया और जनता से रॉड्रिग्स सिंह का पता लगाने में मदद करने की अपील की। यारब्रॉ ने कहा, ₹अपने बेटे की हत्या के आरोप में सिंडी रॉड्रिगेज को ढूंढा जा रहा है। मुझे यकीन है कि प्रचार, इनाम की पेशकश और जांचकताओं की टीम की मदद से हम उसे पकड़ लेंगे। एफबीआई ने अपने आधिकारिक साइट पर कहा कि रॉड्रिगेज सिंह को आखिरी बार 22 मार्च 2023 में अपने पति और छह बच्चों के साथ भारत जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में सवार होते हुए देखा गया था। उसका जन्म डलास में हुआ था और वह 39 साल की है। रॉड्रिगेज सिंह की लंबाई पांच फीट एक इंच से लेकर पांच फीट तीन इंच के बीच है। उसके पीठ, दोनो पैर, दाहिने हाथ पर टैटू भी है। उसकी आंखों और बाल का रंग भूरा है।

# राष्ट्रपति बनने पर कैबिनेट में एक रिपब्लिकन को शामिल करेंगी हैरिस




**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और उनके साथी टिम वॉल्ज पहली बार एकसाथ एक साक्षात्कार में शामिल हुए। साक्षात्कार में हैरिस ने निर्वाचित होने पर अपने मंत्रिमंडल में एक रिपब्लिकन को नियुक्त करने की इच्छा जताई। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष का नाम नहीं लिया। हैरिस ने कहा कि चुनाव के लिए 68 दिन बाकी है। उप राष्ट्रपति ने बताया कि उन्होंने अपने करियर में प्रत्येक विचारों का स्वागत किया।

साक्षात्कार में हैरिस ने कहा, चुनाव के लिए 68 दिन बचे हैं। मैंने अपने करियर में प्रत्येक विचारों का स्वागत किया। मुझे लगता है कि जब महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं तो मेज पर ऐसे लोगों का होना आवश्यक हैं जो अलग विचार रखते हैं। मुझे लगता है कि मेरे कैबिनेट में एक रिपब्लिकन का होना अमेरिका के लिए फायदेमंद साबित होगा।

साक्षात्कार के दौरान हैरिस ने फ्रैकिंग और इमिग्रेशन जैसे मुद्दों पर बदलाव के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के तौर पर उन्होंने देश के कई मुद्दों पर नई दृष्टिकोण दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा, ₹मुझे लगता है कि मेरी नीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मेरे मूल्य कभी नहीं बदले। आपने ग्रीन न्यू डील का उल्लेख किया। मुझे लगता है कि मैंने इसपर हमेशा काम किया। जलवायु संकट वास्तविक है।

# रूस ने 92 और अमेरिकियों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

## इनमें पत्रकार-अधिकारी और कुछ व्यापारी शामिल



**मास्को।** रूस के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि उसने 92 और अमेरिकी नागरिकों का देश में प्रवेश रोक दिया है। इनमें रूस में काम कर चुके कुछ पत्रकार, अधिकारी और कुछ व्यापारी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को को रणनीतिक रूप से हराने के घोषित लक्ष्य के साथ बाइडन प्रशासन द्वारा रूस को अलग-थलग करने की नीति के जवाब में यह कार्रवाई की गई है।

प्रतिबंधित अमेरिकियों में अंग्रेजी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की मुख्य संपादक एम्मा टकर सहित 11 वर्तमान और पूर्व पत्रकार शामिल हैं।

अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयॉर्क टाइम्स के पांच पत्रकारों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, जिनमें कीव ब्यूरो प्रमुख एंड्रयू क्रेमर समेत 4 पत्रकार शामिल हैं।

### अब तक 2,000 से अधिक प्रतिबंधित

रूसी प्रतिबंध सूची में अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों में काम करने वाले लोग, शिक्षाविद तथा व्यवसायी और थिंक टैंक के लोग भी शामिल हैं। रूसी विदेश मंत्रालय की सूची के अनुसार रूस ने अब तक 2,000 से अधिक अमेरिकियों के अपने यहां प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच, यूक्रेनी वायु सेना ने 74 रूसी हमलावर ड्रोनों में से 60 को नष्ट कर दिया है।

# भारत ने ऊर्जा परियोजनाओं का पहला भुगतान श्रीलंका को सौंपा

### चीनी उपक्रम की जगह ली

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने उत्तरी जाफना के पास तीन श्रीलंकाई द्वीपों पर हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान बृहस्पतिवार को सौंपा। ये परियोजनाएं डेल्फ्ट, नैनातिवु और अनलाईतिवु द्वीपों में 1.1 करोड़ डॉलर की भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित की जा रही हैं। इनके तहत तीनों द्वीपों में हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित की जाएंगी।

उच्चायुक्त संतोष झा ने इन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान विद्युत और ऊर्जा मंत्रालय की सचिव डॉ. सुलक्षणा जयवर्धने और श्रीलंका सतत ऊर्जा प्राधिकरण के अध्यक्ष को सौंपा। परियोजना का उद्देश्य उन तीन द्वीपों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है जो राष्ट्रीय ग्रिड से जुड़े नहीं हैं। ये



द्वीप तमिलनाडु के समीप हैं।

### चीनी उपक्रम की जगह ली

परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन पर 2022 में हस्ताक्षर किए गए। इसने उस चीनी उपक्रम की जगह ली है जिसे भारत की आपत्तियों के बाद शुरू में अनुबंध दिया गया था। 2021 में, भारत द्वारा इसके स्थान को लेकर चिंता जताने की खबरों के बीच, चीन ने ह्यतीसरे पक्षह्न से ह्यसुरक्षा चिंताह्न का हवाला देते हुए हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना को निलंबित कर दिया था।

# एलन मस्क और टेस्ला को बड़ी राहत, अरबों का घपला करने के आरोप से जुड़ी याचिका खारिज

**वाशिंगटन।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क को एक बड़ी राहत मिली है। उन्होंने और उनकी इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी टेस्ला ने एक मुकदमा जीत लिया है। दरअसल, उन पर क्रिप्टोकरेंसी डॉजक्वाइन को बढ़ावा देने और इनसाइडर ट्रेडिंग करके निवेशकों को धोखा देने का आरोप लगाया गया था।




### क्या है मामला?

गौरतलब है, टेस्ला के मालिक एलन मस्क पर इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप लगा था। आरोप भी उन्हीं की इलेक्ट्रिक कार निमार्ता कंपनी टेस्ला के शेयरधारकों ने लगाया था। शेयरधारकों ने मस्क के खिलाफ मुकदमा भी दायर किया था। बता दें, इनसाइडर ट्रेडिंग का मतलब गैर-सार्वजनिक जानकारियों का इस्तेमाल करके अनुचित तरीके से लाभ कमाना होता है।

### अब अदालत ने दी राहत

अब इस मुकदमे को खारिज कर दिया गया है। मैनहट्टन में अमेरिकी जिला न्यायाधीश एल्विन हेलरस्टीन ने गुरुवार रात को यह फैसला सुनाया।

**यह था आरोप :** टेस्ला के शेयरधारकों ने आरोप लगाया था कि मस्क ने टेस्ला में अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने ट्विटर, न्यूज चैनल और सार्वजनिक स्टंट कर अनुचित लाभ कमाया। इसके अलावा, उन्होंने टेस्ला के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का उल्लंघन किया। निवेशकों का कहना था कि उन्हें इन सब हथकंडों को अपना कर कई डॉजक्वाइन वॉलेट के जरिए लाभ कमाया।

शेयरधारकों के अनुसार, मस्क ने जानबूझकर दो सालों में डॉजक्वाइन की कीमत 36 हजार फीसदी से अधिक बढ़ा दी और फिर इसमें गिरावट होने के लिए छोड़ दिया। वह और टेस्ला अक्सर डॉजक्वाइन से संबंधित मस्क के सार्वजनिक बयानों और गतिविधियों के अनुसार ही ट्रेडों का समय निर्धारित करते थे। उन्होंने आगे कहा था कि जब मस्क ने अप्रैल 2023 में ट्विटर के ब्लू बर्ड लोगो को बदलने के बाद डॉजक्वाइन को बेच दिया था, तब इसकी कीमत में 30 फीसदी की वृद्धि हुई थी।

**मस्क के वकीलों ने दी ये दलीलें :** मस्क के वकीलों ने मामले को खारिज करने की मांग की थी। उनका कहना था कि वादी पक्ष के पास अभी भी कोई मामला नहीं है, जबकि उन्होंने अपने मुकदमे के पांच संस्करण दायर किए हैं, जिनमें मूल रूप से दो वर्षों में 258 अरब डॉलर की मांग की गई थी।

# चीन नहीं आ रहा अपनी हरकतों से बाज

## एक बार फिर ताइवान की सीमा के पास भेजे 25 सैन्य विमान

**ताइपे।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। बीजिंग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीनी सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि, ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के विमान, नौसैनिक पोत और जहाज ताइवान की सीमा के करीब देखे गए।

### इतने विमान दिखाई दिए

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने बताया कि गुरुवार सुबह छह बजे से शुक्रवार सुबह छह बजे ताइवान के आसपास चीनी सात नौसैनिक पोत, दो जहाज और 25 सैन्य विमान उड़ान भरते देखे गए। सेना ने बताया कि 25 विमानों में से 17 ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। बता दें



चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है।

इसके जवाब में ताइवान ने चीन की गतिविधि की निगरानी के लिए विमान, नौसैनिक जहाजों और वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया। एमएनडी ने यह जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी।

### हम स्थिति पर नजर रखे हुएः एमएनडी

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'आज सुबह 25 विमान , सात पोत और दो जहाज ताइवान के आसपास नजर आए। 17 विमानों ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणपूर्वी एडीआईजेड में प्रवेश किया। हम स्थिति पर नजर बनाए रखे हुए हैं।'

इससे पहले, ताइवान ने मंगलवार सुबह छह बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक देश भर में आठ पोत और दो जहाजों के साथ 13 चीनी विमानों का भी पता लगाया था।

**क्या है ग्रे जोन रणनीति? :** गौरतलब है चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। अब तक चीन ने सीधे ताइवान पर आक्रमण नहीं किया है, लेकिन वो ये सब कुछ ग्रे जोन में करता है। ये चीन की सेना का एक पैंतरा है, जिससे वो सीधे युद्ध तो नहीं करती लेकिन ये शक्ति प्रदर्शन करती है। ग्रे जोन का मतलब है कि कोई देश सीधा हमला नहीं करता है लेकिन इस तरह का डर हमेशा बनाए रखता है। सीधे सैन्य कार्रवाई की जगह, ऐसी कई चीजें होती रहती हैं, जिनसे हमले का डर बना रहता है। ताइवान के साथ चीन यही कर रहा है। चीन सितंबर 2020 से 'ग्रे जोन' रणनीति का अधिक बार उपयोग कर रहा है।

जानकारों का कहना है कि ग्रे जोन युद्ध रणनीति दरअसल, एक तरीका है, जिससे लंबी अवधि में धीरे-धीरे प्रतिद्वंद्वी को कमजोर कर दिया जाता है और चीन ताइवान के साथ ठीक यही करने की कोशिश कर रहा है।

# अमेरिका में छह करोड़ लोगों पर मौसम की मार

## प्रचंड गर्मी और 'लू' की चेतावनी जारी




**वाशिंगटन।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों में लू (हीटवेव) ने जमकर कहर बरपाया। यहां प्रचंड गर्मी और लू ने तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की। इस वजह से छह करोड़ लोगों पर खतरा मंडरा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। एनडब्ल्यूएस के मुताबिक, शिकागो, डेस मोइनेस और टोपेका जैसे मध्य-पश्चिमी क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ रही है। यहां के शहरों पर देर से आने वाले उच्च दबाव वाले सिस्टम की वजह से लंबे समय तक प्रचंड और हर बार के मुकाबले कहीं ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ रही है।

### हीटवेव, गर्मी और उमस के खतरों के बारे में चेतावनी

ठहर ने लोगों को हीटवेव, गर्मी और उमस के खतरों के बारे में चेतावनी दी है। अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों में खतरनाक गर्मी से बचने को लेकर तैयारी करनी शुरू कर दी है। इसके लिए सार्वजनिक कूलिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं।

**देश में हर साल लगभग 1,220 लोगों की हो रही मौत :** अत्यधिक गर्मी और नमी की वजह से संयुक्त राज्य अमेरिका में कई जानें ज'ती हैं। मौसम से संबंधित आपदाओं में यह सबसे बड़े खतरों में से एक है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, देश में हर साल लगभग 1,220 लोग अत्यधिक गर्मी से मारे जाते हैं।



दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...






# विजय मोहन के पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे नीरज सिंह











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूथ आईकॉन नीरज सिंह शुक्रवार को गाजियाबाद आये। वो कविनगर में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन के निवास पर पहुंचे। गौरतलब है कि विजय मोहन के युवा पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया था। नीरज सिंह ने विजय मोहन के घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया और विजय मोहन को ढाढस बंधाया। नीरज सिंह ने कहा कि यह गहन दुख की घड़ी है और शोक की इस घड़ी में हम पूरा परिवार विजय मोहन और उनके परिवार के दुख में शामिल हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति दे। नीरज सिंह ने विजय मोहन के परिजनों से भी मुलाकात की और उन सभी को सांत्वना दी। नीरज सिंह ने कहा कि यह एक ऐसी क्षति है और यह इतना बड़ा दुख है कि इसको भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन ईश्वरीय विधान के आगे हम सभी मजबूत हैं।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक संपन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान बी.एस. रोड इण्ड. एरिया साइट-1 क्षेत्र गाजियाबाद में आये दिन / अग्नि दुर्घटना होने के सम्बंध में अग्निशमन विभाग फायर स्टेशन की स्थापना कराने की मांग की गई जिसमें संबंधित अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रस्ताव स्वीकृति हेतु मुख्यालय भेज दिया गया है। साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन रजि., 42/29, साइट-4 इंडस्ट्रियल एरिया साहिबाबाद गाजियाबाद में बृजविहार नाले के ऊपर पुलिया के निर्माण के सम्बन्ध में था जिसमें संबंधित अधिकारी ने कहा कि कार्य प्रगति पर है, जिसमें उद्योग बंधुओं ने सहमति जताई।

गाजियाबाद इण्डस्ट्रीज फैडरेशन, सी-95, बी.एस. रोड औद्योगिक क्षेत्र गाजियाबाद में स्थित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों पर अवैध रूप से खड़े ट्रक, ट्रालों एवं ट्रांसपोर्टर्स ऑफिस एवं खोखे ढाबे आदि द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में थी, जिसमें संबंधित अधिकारियों ने कहा कि अब तक 150 चालान किये जा चुके हैं और जिससे 20 प्रतिशत तक अतिक्रमण व वाहन खड़े होने बंद हैं। उद्यमियों ने इस पर भी सहमति प्रदान की।




### उद्यमियों ने कहा, बैठक में प्रेषित सभी बिन्दुओं पर जलाधिकारी के निर्देशन में हो रहा समय से कार्य

**करंट क्राइम।** लोनी एस्टेट इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन रजि., नियर यूपीसीडा पार्क, एस-10 लोनी एस्टेट गाजियाबाद में निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु नये फीडर की आवश्यकता के लिए कहा गया था जिसमें संबंधित अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया था किन्तु प्रस्ताव प्रतिकूल ना होने पर खारिज हो गया। इसके उपरान्त शेष तीनों बिन्दु विद्युत विभाग से सम्बंधित रहे, जिसमें यंग रूरल इण्ड. एरिया एसोसिएशन रजि., रूपनगर इण्डस्ट्रीयल एरिया, लोनी गाजियाबाद व साउथ साइड ऑफ जी.टी. रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया मैन्यू. एसो. रजि., ई-54, एसएसजीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र गाजियाबाद के बिन्दु रहे। जिसमें संबंधित अधिकारी ने अवगत कराया कि कार्य प्रगति पर है और जल्द विद्युत व्यवस्था में बेहतर सुधार आ जायेगा। जिस पर उद्यमियों द्वारा सहमति प्रदान की गई। इसके बाद ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत ऑनलाइन संचालित निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरान्त लम्बित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में प्रेषित 8 बिन्दुओं को जिलाधिकारी ने गम्भीरता से सुनते हुए क्रमवार सभी पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने पुलिया के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने हेतु निर्देशित किया। अवैध पार्किंग व अतिक्रमण को लेकर उन्होंने कहा कि उक्त के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करते हुए सड़क को साफ व पार्किंग फ्री रखा जाए। इसके लिए संबंधित ट्रांसपोटरों से वार्ता की जाएं। विद्युत विभाग द्वारा भेजा गया प्रस्ताव जो खारिज हो गया है, उद्यमियों की सहूलियत के लिए जल्द अन्य विकल्प खोजे जाएं। इसके साथ ही विद्युत विभाग रविवार के दिन शट डाउन लेकर पूरे दिन अधिक से अधिक कार्मिक लगाकर उद्यमियों की शिकायत का पूर्ण गुणवत्ता से समाधान करें।

### निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**करंट क्राइम।** निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरान्त लम्बित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने रोष प्रकट करते हुए सम्बंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित विभागों के उच्च अधिकारियों को पत्र भिजवाया, जिसमें कहा गया कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएं इसके साथ ही कुछ अधिकारियों की परनिंदा करते हुए प्रतिकूल प्रवृष्टि पत्र संबंधित सचिव को भेजे गये।

### उद्योग बंधु बैठक में गणमान्य लोग उपस्थित रहे

**करंट क्राइम।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, अग्रणी जिला प्रबंधक बुधराम, रघुनंदन यादव महा प्रबंधक यूपीसीडा, मुख्य अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण मानवेंद्र सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी गाजियाबाद के प्रतिनिधि, अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल गाजियाबाद, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल लोनी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, भूगर्भ जल विभाग की प्रतिनिधि सृष्टि जायसवाल एवम औद्योगिक संगठन की ओर से प्रदीप कुमार गुप्ता राष्ट्रीय सचिव आई आई ए, गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के प्रतिनिधि अरुण शर्मा, अनिल कुमार, साउथ साइड जीटी रोड एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम चौहान तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नोएडा में फर्जी आईपीएस गिरफ्तार

## होटल का किराया मांगने पर रौब गांठ रहा था आईडी कार्ड की चेकिंग करने पर पकड़ा गया

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने एक फर्जी आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। वह अपने को 2000 बैच का आईपीएस बताता था। रॉ में डीआईजी लेवल का अधिकारी होने का दावा करता था। पुलिस ने इसके पास से एक फर्जी आईडी बरामद की है। आरोपी की पहचान इंद्रानिल रॉय के रूप में हुई है। वह 24 परगना वेस्ट बंगाल का रहने वाला है। ये फर्जी अधिकारी बनकर लोगों पर रौब दिखाता था। होटल का किराया मांगने पर रौब गांठ रहा था एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर-49 पुलिस को सूचना मिली एक एक व्यक्ति सेक्टर-51 के एक होटल में रुका है। होटल का किराया मांगने पर वो अपने को रॉ का डीआईजी लेवल का अधिकारी बताकर रौब जमा रहा है। फर्जी आईडी दिखा कर पैसे ना दे कर होटल के कर्मचारियों को अपने पद का रौब दिखा रहा था। यह नहीं बार बार किराया मांगे जाने पर इन्द्रानिल रॉय पैसे नहीं दे रहा और कर्मचारियों से बोल रहा है अच्छा पैसा मिलने पर वो सभी को सरकारी नौकरी लगवा देगा। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल क्वाडिस एच 22 सेक्टर 51 नोएडा होटल पर पहुंची।



### ट्रांसपोर्ट के काम में हुआ था घाटा

पूछताछ में फर्जी आईपीएस ने बताया कि वह पहले एक ट्रांसपोर्ट का बिजनेस करता था। कुछ साल से उसके बिजनेस में मुनाफा नहीं हो रहा था। ये फर्जी आईडी इन्द्रानिल रॉय ने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए खुद बनाये ताकि जरूरत पड़ने पर वह इस आईडी का फायदा उठा सकें।

### होटल में परिवार से रुका था

आरोपी होटल में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रुका था। ये दो से तीन दिन होने पर जब किराया मांगा तो इसकी खुलासा हूआ। बताया गया कि इसी तरह ये पहले भी गाजियाबाद के वसुंधरा में भी होटल में परिवार के साथ रुका था।

# खेल दिवस के उपलक्ष्य में महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'सीनियर सिटीजन वॉक रेस प्रतियोगिता' आयोजित

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खेल दिवस के उपलक्ष्य में महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रभारी खेल अधिकारी पूनम बिश्नोई ने सीनियर सिटीजंस के लिए वॉक रेस का आयोजन किया, जिसमें 10 सीनियर सिटीजन ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम हरिनाथ, द्वितीय जितेंद्र गुप्ता एवं तृतीय स्थान राजन विश्नोई ने हासिल किया। जिसमें प्रथम और तृतीय स्थान महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद के कोच गाजियाबाद ने प्राप्त किए। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों को खेल



हित में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी खेल अधिकारी कुमारी पूनम विश्नोई ने जिला सूचना अधिकारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। आज 30 मीटर रेस अंडर 8 वर्ष में की जाएगी। सभी नगरवासियों से निवेदन है अधिक से अधिक संख्या में बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करें।




# विवाहित महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। थाना मसूरी क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है जिसमें एक विवाहित महिला ने आत्महत्या कर ली। घटना ग्राम नाहल के सलमान फारसी मस्जिद के पास की है, जहां 19 वर्षीय सानिया, जो कि अकबर की पुत्री हैं, ने अपने पति फुरकान के साथ किराए पर रईस के मकान में रह रही थीं। सानिया और फुरकान की लव मैरिज हुई थी, लेकिन दोनों के बीच आपसी विवाद बने रहते थे। सानिया और फुरकान की शादी को छह महीने ही हुए थे और दोनों के बीच लगातार झगड़े होते रहते थे। सानिया की पहचान एक अल्वी परिवार से है, जबकि फुरकान धोबी समुदाय से हैं।



आज के विवाद के बाद, सानिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फुरकान, जो कि नाहल मोहल्ला झतरी वाला कुंआ के निवासी हैं, अब इस दुखद घटना की जांच की जा रही है। यह घटना न केवल व्यक्तिगत त्रासदी को दर्शाती है, बल्कि समाज में बढ़ते विवाद और संघर्ष की गहरी समस्याओं की ओर भी इशारा करती है।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटियां हमेशा से अपने पिता का स्वाभिमान होती हैं। बीजेपी नेता नवनीत गुप्ता ने अपनी बिटिया के हैप्पी बर्थडे पर अपना सारा स्नेह आशीर्वाद शुभाशीष एक शब्द में समेटा और लिखा हैप्पी बर्थडे बेटा। ये एक शब्द अपने आप में एक संदेश समेटे है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।